भारतीय जन संचार संस्थान
Indian Institute of Mass Communication

Annual Report

वार्षिक रिपोर्ट

2021-22

IIMC Campuses



वार्षिक रिपोर्ट

2021-2022

भारतीय जन संचार संस्थान

नई दिल्ली

प्रस्तावना

सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1860 (1860 का XXI) के अंतर्गत एक सोसायटी के रूप में पंजीकृत भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) की स्थापना 17 अगस्त 1965 को हुई थी। इसे मीडिया और जन संचार के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के मूलभूत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु स्थापित किया गया था।

संस्थान की शुरुआत काफी कम कर्मचारी क्षमता के साथ हुई थी, जिसमें एक निदेशक के अलावा चार प्राध्यापक और यूनेस्को के एक परामर्शदाता शामिल थे। संस्थान ने कोलम्बो योजना के अंतर्गत कुछ विदेशी प्रशिक्षुओं के साथ-साथ राज्य अथवा केन्द्र सरकार के सूचना सेवा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया तथा छोटे स्तर पर शोध अध्ययन भी किए। विगत 57 वर्षों में, संस्थान ने अपनी स्थापना के मूल लक्ष्य "केन्द्र और राज्य सरकारों के कर्मियों को मीडिया प्रशिक्षण और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उद्योगों की सूचना एवं प्रचार संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शोध और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराना" के अनुरूप आधुनिक युग में तेजी से विस्तृत एवं परिवर्तनशील मीडिया उद्योग की विविध एवं अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सफलतापूर्वक अनेक विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किए हैं।

मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के अलावा संस्थान प्रिंट मीडिया (अंग्रेजी, हिन्दी, उड़िया, उर्दू, मराठी और मलयालम), रेडियो एवं टी.वी. और विज्ञापन और जन सम्पर्क में कई स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यकमों का संचालन कर रहा है। साथ ही संस्थान, वर्तमान में, अफ्रीकी, एशियाई, लैटिन अमेरिका और पूर्वी यूरोपीय देशों के मिड लेवल श्रमजीवी पत्रकारों के लिए भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटेक), विशेष राष्ट्रमंडल अफ्रीकी सहायता योजना (स्काप-SCAAP) तथा कोलंबो प्लान योजनाओं के अंतर्गत विकास पत्रकारिता में भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा प्रायोजित डिप्लोमा पाठ्यक्रम का भी संचालन कर रहा है। संस्थान विशेष रूप से रक्षा अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों तथा साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकारों के मीडिया, प्रचार और प्रचालन से जुड़े विभिन्न संगठनों में कार्यरत संचार कर्मियों की प्रशिक्षण संबंधी निरंतर बढ़ती आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक से चार सप्ताह तक की अवधि के विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है। संस्थान प्रशिक्षण, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं इत्यादि के आयोजन तथा संयुक्त शोध परियोजनाओं के कार्य में विविध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ भी सहयोग करता है।

हाल ही में जन संचार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं और यह क्षेत्र निर्णय लेने की प्रक्रिया को व्यापक रूप से प्रभावित करने वाले प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। इसने बड़ी ही तीव्रता से महत्वपूर्ण एवं उच्च प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर लिया है तथा विभिन्न शैक्षणिक विधाओं के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन गया है। सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने जन संचार के विस्तार और इसकी रूपरेखा में परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

साथ ही इसने इस क्षेत्र से जुड़े छात्रों, शिक्षकों और पेशेवरों के लिए बड़ी चुनौतियां भी उत्पन्न कर दी हैं। तेजी से परिवर्तित हो रही प्रौद्योगिकी इस विषय के स्वरूप को बदल रही है, जो शैक्षणिक गतिविधि के किसी भी अन्य क्षेत्र के लिए अज्ञात है। उभरती हुई चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करना और जन संचार की प्रभावशीलता को बढ़ाने के साथ-साथ नए मीडिया को शामिल करने की संभावनाओं की खोज और विस्तार निसंदेह वर्तमान समय की मांग है।

तदनुसार, संस्थान लगातार अपने पाठ्यक्रमों का मूल्यांकन और समीक्षा करता है ताकि तेजी से बदलते परिवेश के कारण सामने आई समसामयिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। यह बदलते परिदृश्य में भी संस्थान द्वारा चलाए जाने वाले पाठयक्रमों की प्रासंगिकता को बनाए रखता है।

संस्थान विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़ने की इच्छा रखने वाले युवा छात्र-छात्राओं को अपेक्षित बुनियादी कौशल और तकनीकों की जानकारी प्रदान करता है और इस क्षेत्र के विभिन्न आयामों से अवगत कराता है। सूचना और संचार के प्रसार को विकास प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण घटक मानते हुए संस्थान अपने विद्यार्थियों को समाज के उपयोगी सदस्यों के रूप में विकसित होने में मदद करता है। यही विचार इस संस्थान और इसके पूर्व छात्रों (एल्यूमनी) को एक अलग पहचान और छवि प्रदान करता है।

संस्थान सूचना संरचना के निर्माण तथा उसके सुदृढ़ीकरण में योगदान हेतु निरंतर प्रयासरत, है जो न केवल भारत अपितु सभी विकासशील देशों के लिए उपयोगी हो। आईआईएमसी केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों और अंगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक निकायों से अनुरोध प्राप्त होने पर अन्य संस्थाओं को अपनी विशेषज्ञता और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है।

संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियों की बढ़ती लोकप्रियता और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टि से, संस्थान ने 1993 में ढेंकनाल (ओडिशा) में एक क्षेत्रीय परिसर खोला, जिसके बाद अमरावती (महाराष्ट्र), कोट्टयम (केरल), आइजोल (मिजोरम) और जम्मू (जम्मू और कश्मीर) में क्षेत्रीय परिसरों की स्थापना की गई। क्षेत्रीय परिसर दो पाठ्यक्रम संचालित करते हैं, ढेंकनाल परिसर में पत्रकारिता में

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेजी और उड़िया), अमरावती परिसर में अंग्रेजी और मराठी में पत्रकारिता और कोट्टयम परिसर में अंग्रेजी और मलयालम में पत्रकारिता डिप्लोमा प्रदान किया जा रहा है। आइजोल और जम्मू के आईआईएमसी क्षेत्रीय परिसर केवल अंग्रेजी में ही पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान कर रहे हैं।

स्थापना के पचास से भी अधिक वर्षों तक निरंतर कठिन परिश्रम तथा अपने उत्कृष्ट शिक्षण तंत्र के परिणामस्वरूप ही संस्थान संचार शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में "उत्कृष्ट केंद्र" की उल्लेखनीय प्रतिष्ठा को लगातार बनाए रखे हुए है।

भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों का प्रशिक्षण 2020 बैच का प्रारंभिक प्रशिक्षण चरण I

आईआईएस प्रशिक्षण प्रभाग ने कोविड महामारी की दूसरी लहर के दौरान भारतीय सूचना सेवा के 16 अधिकारियों (समूह क) के लिए प्रथम चरण के प्रारंभिक प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। आईआईएमसी में जनवरी, 2021 में शुरू हुआ 10 महीने का प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 दिसंबर, 2021 को सम्पन्न हुआ। कोविड-19 की स्थिति के कारण, स्थिति सामान्य होने तक प्रशिक्षण मुख्य रूप से ऑनलाइन मोड में ही आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताएं

- संसद की कार्यवाही और विभिन्न संबंधित प्रक्रियाओं से उन्हें परिचित कराने के लिए संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के साथ संबद्धता।
- फिल्म एप्रिसिएशन और स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग के 3 सप्ताह के ऑनलाइन पाठ्यक्रम हेतु भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान, पुणे के साथ संबद्धता।
- सामाजिक क्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र संचार पर तीन सप्ताह का विशेष मॉड्यूल आयोजित किया गया, ताकि अधिकारियों को सरकार की सामाजिक कल्याण की योजनाओं और विकासात्मक पहलों के

संप्रेषण में निहित चुनौतियों की भली भांति समझ प्रदान की जा सके। मॉड्यूल को वरिष्ठ नौकरशाहों और नीति संचार, व्यवहार परिवर्तन संचार क्षेत्र तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा संचालित किया गया।

- अधिकारियों के साथ संवेदनशीलता, विशेषज्ञता और व्यावसायिकता के साथ संचार चुनौतियों को हल करने की आवश्यकता पर चर्चा के साथ गृह मंत्रालय के संसाधन व्यक्तियों के सहयोग से आंतरिक सुरक्षा, आपदा संचार और मनो-ओपीएस पर एक सप्ताह का विशेष मॉड्यूल आयोजित किया गया।
- रक्षा मंत्रालय के सहयोग से रक्षा और सामरिक संचार तथा सार्वजनिक कूटनीति पर एक सप्ताह के मॉड्यूल का आयोजन किया गया।
- प्रबंधन विकास संस्थान (एमडीआई), गुरुग्राम के सहयोग से संगठनात्मक प्रबंधन सिद्धांत और नेतृत्व कौशल पर एक सप्ताह का मॉड्यूल आयोजित किया गया। इसके अलावा, नेतृत्व के सिद्धांतों, गुणों और व्यवहार पर एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- विभिन्न प्लेटफॉर्मों के प्रबंधन, इन्फोग्राफिक्स बनाने, डाटा विश्लेषण और फेक न्यूज की पहचान करने हेतु ऑनलाइन टूल पर ध्यान केंद्रित करते हुए सोशल मीडिया संचार पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।
- मीडिया नैतिकता, मीडिया कानून, नियामक नीतियों तथा मीडिया और संचार से संबंधित अन्य सांविधिक प्रावधानों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ओटीटी और डाटा विज़ुअलाइज़ेशन सहित संचार में उभरती प्रौद्योगिकियों के संबंध में भी सत्र आयोजित किए।
- प्रशिक्षण में कार्यालय प्रशासन और प्रक्रियाओं, फाइल प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन और सिविल सेवा आचरण नियम संबंधी सत्र भी शामिल थे।
- प्रशिक्षु अधिकारियों ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मीडिया संगठनों जैसे प्रसार भारती, भारत के समाचार पत्रों के

पंजीयक, प्रकाशन विभाग निदेशालय, पत्र सूचना कार्यालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, फिल्म समारोह निदेशालय, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और निगरानी केंद्र और न्यू मीडिया विंग का भी दौरा किया

- दिल्ली के बाहर के संगठनों, जैसे फिल्म डिवीजन, मुंबई और सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआईआई), कोलकाता ने परिचय प्रशिक्षण के भाग के रूप में प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए विशेष ऑनलाइन सत्रों की व्यवस्था की गई।
- इसके अलावा, लैंगिक संवेदीकरण एवं संचार, प्रौद्योगिकी दूरदर्शिता पर अलग-अलग कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षु अधिकारियों ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन का भी दौरा किया और स्थानीय लोगों से बातचीत की।

- अपने ऑनलाइन क्लासरूम सत्र के समापन पर, प्रशिक्षु अधिकारी चार अलग-अलग समूहों में क्षेत्रीय संयोजन के लिए गए। 3-सप्ताह के असाइनमेंट का उद्देश्य अधिकारियों को क्षेत्रीय संचार परिप्रेक्ष्य और पद्धतियों की नज़दीकी जानकारी प्रदान करना था। उन्होंने हैदराबाद/जम्मू/भुवनेश्वर/जयपुर स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संगठनों - पीआईबी, आरओबी, आरएनयू का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न पदाधिकारियों के साथ बातचीत की और क्षेत्रों के संचार कार्यक्रमों में भाग लिया।
- एफटीआईआई के साथ ऑनलाइन संयोजन जारी रखते हुए, प्रशिक्षु अधिकारियों ने एफटीआईआई, पुणे के एक सप्ताह के ऑफ़लाइन मॉड्यूल में भी भाग लिया।
- प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों को एक विदेशी भाषा (मंदारिन/स्पेनिश) का भी ज्ञान दिया गया। उनके अंत: कार्य प्रशिक्षण के दौरान भी ऑनलाइन माध्यम से भाषा कक्षाएं जारी रहीं।
- अंत: कार्य प्रशिक्षण (ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग- ओजेटी) – क्लासरूम सत्र और क्षेत्रीय संयोजन के समापन पर, प्रशिक्षु अधिकारी सूचना और प्रसारण मंत्रालय अंतर्गत आने वाले विभिन्न मीडिया संगठनों में ओजेटी के लिए गये।
- प्रशिक्षण के सभी सत्रों का आयोजन इस दृष्टिकोण के साथ किया गया, जिससे अधिकारियों को मीडिया और जनसंचार के उभरते प्रतिमानों और दृष्टिकोणों और देश में नागरिक-कल्याण, सामाजिक एकजुटता और विकास सुनिश्चित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के व्यापक परिप्रेक्ष्य को समझने में मदद मिल सके। प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों में एक लोक सेवक के लिए उपयुक्त नैतिक मूल्यों और दृष्टिकोणों की सही श्रेणी स्थापित करना भी था।

2021 के बैच का प्रारंभिक प्रशिक्षण चरण।

वर्तमान में, आईआईएस प्रशिक्षण प्रभाग 21 भारतीय सूचना सेवा अधिकारियों (समूह क) के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण चरण I का आयोजन कर रहा है। प्रशिक्षु अधिकारी 2020 और 2021 के भर्ती बैच से हैं। वर्तमान प्रशिक्षण 21 मार्च, 2022 को शुरू हुआ है। प्रारंभिक सप्ताह में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने वरिष्ठ लोक सेवकों, भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिष्ठित संचार विशेषज्ञों के साथ बातचीत की ताकि उन्हें सूचना और प्रसारण मंत्रालय के जनादेश, कार्यों तथा उभरती भूमिका और भारत सरकार की ओर से प्रामाणिक जानकारी प्रदान करने के साथ नागरिकों तक पहुँच स्थापित करने में भारतीय सूचना सेवा की भूमिका की व्यापक समझ प्राप्त हो सके। प्रशिक्षु अधिकारी दिल्ली दर्शन और सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले जैसी छोटी यात्राओं पर भी गये।

25 मार्च, 2022 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री अपूर्व चंद्रा की अध्यक्षता में आयोजित एक समारोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मीडिया निदेशालयों के प्रमुख और आईआईएमसी के संकाय सदस्य तथा अधिकारी भी उपस्थित थे।

परिवीक्षा की समाप्ति

इस अवधि के दौरान, 2018 और 2019 बैच के आईआईएस समूह 'क' के 19 प्रशिक्षु अधिकारियों को सफलतापूर्वक प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा करने के परिणामस्वरूप उनकी नियमित पोस्टिंग प्राप्त हुई।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

अपनी स्थापना के बाद से, संस्थान ने अपने प्रशिक्षण की विषय वस्तु और कार्यान्वयन प्रणाली में सुधार करते हुए अपने निरंतर, अथक प्रयासों से मीडिया और संचार शिक्षा के क्षेत्र में विशेष स्थान बनाया है। आज, आईआईएमसी को मीडिया और जनसंचार के क्षेत्र में शिक्षण प्रदान करने वाले संस्थानों में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह इससे संबंधित विषयों के इच्छुक पेशेवरों को पत्रकारिता - हिंदी, अंग्रेजी, उड़िया, मराठी, मलयालम और उर्दू, विज्ञापन और जनसंपर्क और रेडियो और टीवी पत्रकारिता में विभिन्न स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रम कक्षा अध्यापन का एक

सार्थक मिश्रण प्रस्तुत करते हैं, जिसकी सम्यक रूप से सश्रम अभ्यासों, लैब जर्नल, परियोजनाओं, क्षेत्र दौरों आदि के माध्यम से व्यावहारिक अभिमुखीकरण द्वारा पूर्ति की जाती है। इसका उद्देश्य छात्रों को उनके करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु आवश्यक कौशल से युक्त करना और उन्हें प्राप्त होने वाले शिक्षण को उस परिवेश की जमीनी वास्तविकताओं जिसमें मीडिया और संचार उद्योग कार्य करता है, से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। ये पाठ्यक्रमों का लक्ष्य, परिप्रेक्ष्य प्रदान करने के अलावा, समाज में मीडिया पेशेवरों की भूमिका को परिभाषित करना है।

बदली परिस्थितियों में भी पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र की उभरती प्रवृत्तियों और प्रौद्योगिकियों को शामिल करके पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या की लगातार समीक्षा और उसमें संशोधन किया जाता है। पाठ्यक्रम तैयार करते समय, उद्योग की विविध आवश्यकताओं पर हमेशा विचार किया जाता है, ताकि छात्रों को इस क्षेत्र की वास्तविकताओं के साथ-साथ नैतिक सिद्धांतों से अवगत कराया जा सके। पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करना भी है, ताकि वे एक बहुभाषी, बहु-धार्मिक और बहु-जातीय समाज में प्रभावी ढंग से अपनी संबंधित भूमिकाओं का निर्वहन करने में सक्षम हो सकें।

संस्थान अपने छात्रों को इंटर्नशिप/प्लेसमेंट हासिल करने में भी सहायता प्रदान करता है, जो उन्हें सामान्यत: कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और मीडिया हाउसों के साथ-साथ विज्ञापन और जनसंपर्क एजेंसियों में लाभकारी रोजगार की ओर अग्रसर करता है।

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (हिन्दी)

हिंदी समाचार मीडिया के लिए कुशल और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित समाचार मीडिया पेशेवरों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए 1987-88 में हिंदी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम को शुरू किया गया था। शुरुआत में इसका ध्यान तेजी से बढ़ रहे हिंदी प्रिंट मीडिया, विशेष रूप से समाचार पत्रों और पत्रिकाओं पर था, लेकिन बाद में, हिंदी समाचार टेलीविजन और अब डिजिटल समाचार मीडिया के विस्तार के साथ इस पाठ्यक्रम में प्रसारण पत्रकारिता के साथ-साथ डिजिटल पत्रकारिता को भी शामिल किया गया। पाठ्यक्रम और शिक्षाशास्त्र के नियमित अद्यतन और संशोधन के साथ, यह पाठ्यक्रम स्वयं को उद्योग के लिए प्रासंगिक बनाने के लिए हमेशा शिक्षण/प्रशिक्षण में नए रुझानों और विषयों को शामिल करने के लिए प्रयासरत रहता है।

पाठ्यक्रम का मुख्य फोकस समाचार एकत्र करने और उसके निर्माण और प्रसार की प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक सैद्धांतिक ज्ञान और पेशेवर कौशल प्रदान करने पर है। यह प्रशिक्षुओं में नैतिक मानदंडों, उच्च पेशेवर मानकों और मीडिया कानूनों की समझ को विकसित करने पर बल देता है। वर्ष 2021-22 के दौरान, हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम में 68 प्रशिक्षु थे। महामारी के कारण विभाग ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रथम सेमेस्टर को सफलतापूर्वक आयोजित किया।

पाठ्यक्रम के प्रारंभिक चरण में संचार, भाषा और संचार, अनुसंधान पद्धतियों और पत्रकारिता के इतिहास, कानून और नैतिकता के सिद्धांत और अवधारणाओं पर जोर दिया गया। साथ ही इसमें रिपोर्टिंग और संपादन जैसे पत्रकारिता के मुख्य क्षेत्रों के सैद्धांतिक के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण को भी शामिल किया गया। दो सेमेस्टरों के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक घटकों को समान रूप से शामिल किया गया। विभाग ने छात्रों को मीडिया उद्योग में हो रहे नवीनतम घटनाक्रम से अद्यतन किए जाने को काफी महत्व दिया। डाटा जर्नलिज्म, मोबाइल जर्नलिज्म और फैक्ट-चेकिंग से संबंधित विशेष कार्यशालाएं और सत्र आयोजित किए गए।

छात्रों की परियोजनाएं

फरवरी 2022 में आर्थिक सर्वेक्षण और वित्त बजट से जुड़े मुद्दों के साथ दो सेमेस्टर में 10 से अधिक लैब जर्नल/न्यूजलैटर तैयार किए गए। छात्रों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक पत्रिका भी प्रकाशित की।

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेजी)

पत्रकारिता (अंग्रेजी) में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम मीडिया उद्योग के पेशेवरों को इस क्षेत्र की विशेषताओं और रणनीतियों को सिखाकर तैयार करने के लिए है। अंग्रेजी पत्रकारिता पाठ्यक्रम ने छात्रों को कई चैनलों के माध्यम से अपने पोर्टफोलियो को विकसित करने में सहायता की है ताकि वे क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इस वर्ष डिजिटल कक्षाओं ने अवधारणाओं की बेहतर समझ हेतु देश भर से और यहां तक कि भारत के बाहर से शिक्षकों को लाना संभव बना दिया। छात्र दूर बैठे भी बुद्धिजीवियों से बातचीत कर सकते थे।

प्रमुख पहल

अंतर्राष्ट्रीय

- आईआईएमसी के अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग ने 10-11 अगस्त, 2021 को 100 विख्यात अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय वक्ताओं के साथ "भारत में पत्रकारिता शिक्षा: मुद्दे और चुनौतियां" विषय पर डब्ल्यूजेईसी (विश्व पत्रकारिता शिक्षा परिषद) -यूनेस्को-आईआईएमसी गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया। जनवरी 2022 में आईआईएमसी के महानिदेशक द्वारा एक रिपोर्ट प्रकाशित और औपचारिक रूप से जारी भी की गई।
- अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग, आईआईएमसी और यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यूकैसल, ब्रिटेन द्वारा 6 जुलाई 2021 को "द एंटरप्रेन्योरियल वीमेन इन एन अनसर्टेन वर्ल्ड" पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। ब्रिटेन के प्रो. करेनरॉस और डॉ. सुरभि दहिया ने मिलकर यह पहल की। रिसोर्स पर्सन में सुश्री आशा दुआ, सुश्री प्रीता घोषाल और सुश्री शाबिया वालिया शामिल थीं।
- विभाग ने "डिजिटल मीडिया स्टोरीटेलिंग एंड इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिज्म" पर अमेरिकी दूतावास द्वारा प्रायोजित 17 से 21 मई, 2021 तक एक सप्ताह का आभासी पाठ्यक्रम आयोजित किया। पुरस्कार विजेता पत्रकार और विल्सन सेंटर, वाशिंगटन, डीसी के उपाध्यक्ष लिंडा रोथ रिसोर्स पर्सन थे।

अंग्रेजी पत्रकारिता की कक्षाएं

विभाग ने क्रमशः 2020-21 बैच और 2021-22 बैच के छात्रों (पहले सेमेस्टर के लिए फरवरी 2022 तक) के के लिए गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कीं। इसमें कुल मिलाकर 163 छात्र (दिल्ली- 66, जम्मू-11, अमरावती-11, ढेंकनाल-53, कोट्टयम-13 और आइजोल-09) थे। पूरे बैच को सेक्शन ए (दिल्ली- 66, जम्मू-11, अमरावती-11) और सेक्शन बी (ढेंकनाल-53, कोट्टयम-13 और आइजोल-09) में बांटा गया था। कक्षाएं अलग-अलग आयोजित की गईं और अक्सर विशेष सत्रों के लिए संयुक्त रूप से आयोजित की गईं थीं। अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग, दिल्ली कैंपस ने पहले सेमेस्टर (22 फरवरी तक) के लिए सेक्शन ए और ढेंकनाल ने सेक्शन बी को संचालित किया।



7 मार्च 22 से, आईआईएमसी ने भौतिक रूप से कक्षाओं की फिर से शुरूआत की और सभी परिसरों ने भौतिक कक्षाओं का संचालन शुरू किया। विभाग ने दिल्ली, जम्मू, अमरावती, ढेंकनाल, कोट्टयम और आइजोल के छात्रों के लिए विशेषीकृत रिपोर्टिंग पर कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार, कार्यशालाएं और विशेष व्याख्यान आयोजित किए। प्रो सुरभि दहिया के चाइल्ड केयर लीव पर होने के कारण प्रोफेसर संगीता प्रणवेंद्र को 7 मार्च, 2022 से विभाग प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया।

प्रमुख लैब पत्रिकाएं और मैगजीन

पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में, अंग्रेजी पत्रकारिता (बैच 2020-21) के छात्रों ने 108 लैब जर्नल तैयार किए और 2021-22 बैच (सितंबर 2021-फरवरी 2022 के बीच) के पहले सेमेस्टर के छात्रों द्वारा 50 लैब जर्नल तैयार किए गए, जिन्हें फरवरी 2022 में आईआईएमसी के महानिदेशक द्वारा जारी किया गया। छात्रों ने अप्रैल 2021 में विभागीय पत्रिका ओडिसी के लिए लगभग 150 रेडियो जॉकी का साक्षात्कार भी लिया। विभाग द्वारा विभिन्न बीट (स्वास्थ्य, पर्यावरण, राजनीतिक, शहर रिपोर्टिंग, आदि) पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

कार्यशालाएं

- 18 जून 2021 को ड्रोन पत्रकारिता पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। संसाधन व्यक्ति ग्रुप कैप्टन एमजे ऑगस्टाइन विनोद वीएसएम (सेवानिवृत्त) और स्क्वाड लीडर वर्षा कुकरेती (सेवानिवृत्त) थे। नए बैच के लिए 15 और 29 दिसंबर 2021 को ड्रोन पत्रकारिता (डीओजेओ) पर दो और कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।
- उद्योग के वर्तमान रुझानों को ध्यान में रखते हुए, ईजे ने भी 2

जुलाई, 2021 और 14 दिसंबर, 2021 को श्री विशाल अरोड़ा (संपादक, न्यूज़रील एशिया) द्वारा आयोजित मोबाइल पत्रकारिता (एमओजेओ) पर दो कार्यशालाओं का आयोजन किया।

- दिसंबर, 2021 में श्री शरद शर्मा (संस्थापक: वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया) द्वारा आयोजित दो दिवसीय कॉमिक पत्रकारिता कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- फरवरी 2022 में विजुअल स्टोरीटेलिंग और फोटो जर्नलिज्म (भाग 1 और 2) पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन डॉ. तबीना अंजुम कुरैशी (वरिष्ठ पत्रकार/विजुअल स्टोरीटेलर) ने किया।
- 7 जून से 19 जून, 2021 तक दो सप्ताह की कार्यशालाओं की एक श्रृंखला का आयोजन किया गया जिसमें ग्राफिक डिजाइनिंग के कई व्यावहारिक पहलुओं और इनडिजाइन, क्वार्क एक्सप्रेस, फोटोशॉप और इलस्ट्रेटर के व्यावहारिक अभ्यास को शामिल किया गया। इन कार्यशालाओं का आयोजन श्री सुरेश चौधरी द्वारा किया गया।
- 16 नवंबर, 2021 को प्रो. (डॉ.) उमेश आर्य (अध्यक्ष, फैकल्टी ऑफ मीडिया स्टडीज, जीजेयूएसटी) द्वारा शोध पद्धति पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- पॉडकास्ट के उभरते चलन पर व्यावहारिक अनुभव देने के लिए सावित्री बाई फुले पुणे विश्वविद्यालय की प्रो. (डॉ.) उज्ज्वला बर्वे द्वारा 20 दिसंबर, 2021 को पॉडकास्ट पत्रकारिता पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- उद्योग पर स्वचालन का प्रभाव और वर्तमान समय के रोबोटिक रुझान को ध्यान में रखते हुए, ईजे ने 21 दिसंबर, 2021 को उभरती प्रौद्योगिकी: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचैन और बीओटीएस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसे श्री रोहित गांधी (एडिटर इन चीफ: डेमोक्रेसी न्यूज लाइफ) द्वारा आयोजित किया गया।
- पाठ्यक्रम के सभी प्रमुख क्षेत्रों को एक अनोखे तरीके से कवर करने के प्रयास के तहत, ईजे ने 27 दिसंबर, 2021 को साइबर सुरक्षा और डेटा विज्ञान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसका संचालन श्री कनिष्क करण (साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ: ट्विटर) और डॉ. अभय चावला (डिजिटल सुरक्षा विशेषज्ञ) द्वारा किया गया।



- डेटा जर्नलिज्म (भाग 1 और 2) पर 12 और 17 जनवरी, 2022 को एक विस्तृत और सूचनाप्रद दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन श्री हरिकिशन शर्मा (सहायक संपादक, इंडियन एक्सप्रेस) और डॉ उमा शंकर पांडे (सहायक प्रोफेसर, सुरेंद्रनाथ महिला कॉलेज) द्वारा किया गया।

सहभागिता और पुरस्कार

अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग ने स्वच्छता पखवाड़ा प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। विभाग ने एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें आईआईएमसी के सभी पांच परिसरों के छात्रों ने भाग लिया। अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों ने "बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष,1971" की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर 15 दिसंबर, 2021 को भारतीय सेना द्वारा इंडिया गेट पर आयोजित गौरवशाली 'विजय पर्व' में सक्रिय रूप से भाग लिया।

विज्ञापन और जनसंपर्क में स्नाकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

विज्ञापन और जनसंपर्क विभाग, आईआईएमसी के सबसे लोकप्रिय विभागों मे से एक है। लंबे समय से विभाग ने विज्ञापन और जनसम्पर्क उद्योग को बेहतरीन पेशेवर प्रदान किए हैं। पाठ्यक्रम को छात्रों में सर्वश्रेष्ठता लाने के लिए तैयार किया गया है। प्रत्येक पेपर में विज्ञापन और जनसंपर्क क्षेत्र के विभिन्न आयामों को शामिल किया गया है और साथ ही यह छात्रों को उद्योग संबंधी आवश्यकता और परिवर्तनों से भी अवगत कराता है। विभाग के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि व्यावसायिक दुनिया की कौशल संबंधी आवश्यकताओं और विद्यार्थियों के सीखने में कोई कमी न रहे।

छात्रों को विज्ञापन, जनसंपर्क, विपणन, कॉर्पोरेट संचार, सरकारी संचार, डिजिटल विपणन, उपभोक्ता व्यवहार, डिजाइनिंग, कार्यनीतिक

योजना, न्यू मीडिया, मीडिया योजना, उत्पादन, रचनात्मकता और अनुसंधान के बारे में विस्तार से पढ़ाया जाता है।

पाठ्यक्रम संरचना सर्वोत्तम कक्षा शिक्षण और औद्योगिक एस्पोजर का संतुलन प्रदान करती है जो पाठ्यक्रम की विशिष्ट पहचान बनी हुई है। छात्रों को नियमित रूप से उनके व्यावहारिक कौशल और ज्ञान को बढाने वाली गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाता है।

वर्ष 2021-2022 में विज्ञापन और जनसंपर्क के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 76 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया। पाठ्यक्रम में शामिल दस पेपरों के अंतर्गत छात्रों को सश्रम शिक्षण, प्रशिक्षण और व्यावहारिक कौशल विकास का अभ्यास प्रदान किया गया। आंतरिक संकाय के साथ-साथ शिक्षण के लिए उद्योग से सर्वश्रेष्ठ संकाय को आमंत्रित किया गया।

परियोजनाएं और कार्य

"द बैटन" (विभागीय पत्रिका): छात्रों ने इस वर्ष विभागीय पत्रिका 'द बैटन' के दो अंकों पर काम किया। प्रत्येक अंक का एक विशिष्ट विषय था। 'क्राइसिस कम्युनिकेशन: सेलिंग थ्रू द स्टॉर्म्स' विषय के प्रथम अंक को 10 मार्च, 2022 को आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी द्वारा, पाठ्यक्रम निदेशक और संस्थापक संपादक प्रो. अनुभूति यादव, डीन अकादमिक प्रो. गोविंद सिंह और डीएसडब्ल्यू और विभागाध्यक्ष-आउटरीच और प्लेसमेंट प्रो. प्रमोद कुमार की उपस्थिति में जारी किया गया। दूसरे अंक का विषय "मीडिया स्टार्टअप्स" था।

कैम्पेन प्लानिंग: कैम्पेन प्लानिंग प्रोजेक्ट के लिए छात्रों ने - शुगर कॉस्मेटिक्स, डीडी न्यूज़, क्यूएनटी स्पोर्ट्स, सीआईईटी-एनसीईआरटी और प्लान इंडिया जैसे ब्रांड्स के साथ काम किया। उन्होंने आंतरिक और बाहरी विशेषज्ञ समूह के समक्ष अपने अंतिम कार्य और प्रक्रिया के दौरान विकसित अपनी सभी रचनात्मकताओं को प्रस्तुत किया।

सरकारी संचार सप्ताह (2021-2022)

सरकारी संचार प्रणाली किस प्रकार कार्य करती है, इस बारे में छात्रों को जानकारी प्रदान करने के लिए विभाग ने 13 दिसंबर 2021 से 17 दिसंबर 2021 तक सरकारी संचार सप्ताह का आयोजन किया। सत्र के आयोजन हेतु वरिष्ठ नौकरशाहों और भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। उन्होंने सरकारी मीडिया प्रणाली के कामकाज से संबंधित विभिन्न विषयों और पहलुओं पर बात की और साथ ही छात्रों को इन सेवाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

मुख्य वक्ता रहे :

- श्री मयंक अग्रवाल, महानिदेशक, दूरदर्शन, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- प्रो. जयश्री जेठवानी, पूर्व प्रोफेसर, आईआईएमसी।
- श्री बी. नारायणन, अपर महानिदेशक, पत्र सूचना कार्यालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- प्रो. अनुभूति यादव, पाठ्यक्रम निदेशक, एडीपीआर।

- श्री के. सतीश नंबुदिरीपाद, अपर महानिदेशक, केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- श्री आकाश लक्ष्मण, अपर महानिदेशक, आकाशवाणी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- श्री चैतन्य प्रसाद, एडीजी, डीएफएफ, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- श्री आशीष गोयल, अपर महानिदेशक, आईआईएमसी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- डॉ. निमिष रुस्तगी, निदेशक, पीआईबी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- सुश्री वीना जैन, पूर्व महानिदेशक, दूरदर्शन (समाचार), सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- श्री अक्षय राउत, पूर्व महानिदेशक, स्वच्छ भारत मिशन।
- श्री नितिन मंत्री, सीईओ, एवियनवी।
- कर्नल रोहित देव, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी
- श्री राकेश रेणु, उप निदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय।
- श्री सिद्धार्थ मिश्रा, सहायक प्रो. और अध्यक्ष, वीआईपीएस ।
- श्री धीरज सिंह, एडीजी, पीआईबी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।
- श्री तुषार कर्माकर, क्षेत्रीय अधिकारी, सीबीएफसी।
- श्री रजिथ चंद्रन, संयुक्त निदेशक, आईआईएमसी कोट्टयम परिसर।

ई-संवाद/कार्यशालाएं (2021-2022)

1. एड और पीआर विभाग ने 29 अक्टूबर 2021, को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से "बिल्डिंग ए सस्टेनेबल मीडिया बिजनेस पोस्ट-कोविड" विषय पर स्टूडेंट्स मीडिया अनकन्वेंशन-2021 का आयोजन किया।
2. शांति और अहिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने गांधी स्मृति और दर्शन समिति के सहयोग से 12 दिसंबर, 2021 को मीडिया और सूचना साक्षरता पर ई-संवाद का आयोजन किया। प्रोफेसर आर्ट सिल्वर ब्लाट, श्री फ्रैंक डब्ल्यू बेकर ने छात्रों को मीडिया और सूचना साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया।



3. 10 जनवरी, 2022 को प्रतिष्ठित फोटो पत्रकार और विजुअल स्टोरी टेलर सुश्री तबीना अंजुम द्वारा विजुअल स्टोरीटेलिंग पर कार्यशाला आयोजित की गई।
4. 14 जनवरी, 2022 को अनुभवी पत्रकार, लेखक, फोटो पत्रकार और वीडियोग्राफर श्री विशाल अरोड़ा द्वारा मोबाइल संचार पर कार्यशाला आयोजित की गई।

विशेष सत्र

20 नवंबर से 28 नवंबर, 2021 तक आयोजित आईएफएफआई के दैनिक न्यूजलेटर के प्रकाशन हेतु पीआईबी ने एड और पीआर विभाग के साथ सहयोग किया। छात्रों ने सामग्री विकास, संपादन और ग्राफिक डिजाइनिंग का कार्य किया।

- एड और पीआर के छात्रों ने प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को आयोजित होने वाले 50वें विजय दिवस पर इंडिया गेट पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में एंकर के रूप में भाग लिया।
- पीआरसीआई और पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी दिल्ली ने एड एंड पीआर विभाग के सहयोग से 16 मार्च, 2022 को आईआईएमसी,

दिल्ली परिसर में "नरेश कुमार मेमोरियल-ऑल इंडिया टैलेंट हंट वेबिनार" के हिस्से के रूप में "टैलेंट हंट प्रतियोगिता" का आयोजन किया।

विज्ञापन और जनसंपर्क विभाग हमेशा अपने छात्रों को उत्कृष्ट ज्ञान और कौशल प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहता है। यह इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि आज इसके एल्यूमनी (पूर्व छात्र) इस उद्योग जगत में उच्च स्थानों पर कार्यरत हैं।

रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की शुरूआत 1997 में की गई थी और तब से यह देश के दृश्य-श्रृव्य संचारकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। विभाग ने देश को प्रसारण पत्रकारिता के कई जाने-माने चेहरे प्रदान किए हैं और जो वर्तमान आरटीवी छात्रों को उद्योग के विशेषज्ञों से जोड़ने और प्लेसमेंट प्राप्त करने के लिए एक समृद्ध एल्यूमनी के रूप में मौजूद हैं। आईआईएमसी का रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता (आरटीवी) स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम छात्रों को प्रसारण पत्रकारिता से संबंधित एक संतुलित दृष्टिकोण और दूरदर्शिता प्रदान करने हेतु सुदृढ़ सैद्धांतिक ज्ञान और व्यापक व्यावहारिक मॉड्यूल उपलब्ध कराता है। आरटीवी विभाग छात्रों को वर्तमान उद्योग की बारिकीयों से परिचित कराने और तदनुसार उन्हें प्रशिक्षित करने हेतु समाचार और मनोरंजन जगत की कई प्रसारण मीडिया हस्तियों को आमंत्रित करता है। विभाग हमेशा अपने पाठ्यक्रम में समाचार उद्योग के नवीन रुझानों को समायोजित करने का प्रयास करता है और इस वर्ष विभाग ने अपने पाठ्यक्रम में डेटा पत्रकारिता, उद्यमिता पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता (एमओजेओ) और यूट्यूब पत्रकारिता क्षेत्रों को शामिल किया है। विभाग के पास अलग टीवी और रेडियो स्टूडियो की सुविधा है, जहां छात्र समाचार बुलेटिन, वृत्तचित्र, टॉक शो, समाचार चर्चा कार्यक्रम बनाना सीखते हैं और कार्यक्रमों का निर्माण भी करते हैं और इन-हाउस पीसीआर की मदद से लाइव टीवी बुलेटिन का पूर्वाभ्यास करते हैं।

वर्तमान में यह पाठ्यक्रम आईआईएमसी मुख्यालय दिल्ली में प्रदान किया जा रहा है। प्रो. (डॉ.) गोविंद सिंह रेडियो और टीवी पत्रकारिता विभाग के पाठ्यक्रम निदेशक हैं। कोविड-19 महामारी के कारण, पाठ्यक्रम की शुरूआत अक्टूबर 2021 से ऑनलाइन मोड में हुई। बाद में मार्च, 2022 से सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार पाठ्यक्रम का संचालन ऑफ-लाइन मोड में किया गया।

2021-22 सत्र की मुख्य विशेषताएं

- अमेरिकी दूतावास, नई दिल्ली के सहयोग से फिलाडेल्फिया के जॉन स्टुएट्ज़ इंगलिश लैंग्युएज फेलो द्वारा आरटीवी छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रवीणता कार्यशाला आयोजित की गई।
- अमेरिकी दूतावास, नई दिल्ली के सहयोग से अमेरिका के एक प्रमुख थिंक टैंक, विल्सन सेंटर ऑफ लिंडा रोथ द्वारा एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित की गई।
- इंडिया टुडे ग्रुप ऑनलाइन के पूर्व संपादक श्री सुरेश कुमार ने ऑनलाइन मीडिया और समाचार लेखन पर एक कार्यशाला संचालित की।
- विशाल अरोड़ा, वरिष्ठ टीवी पेशेवर द्वारा मोबाइल पत्रकारिता (एमओजेओ) पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- वरिष्ठ फिल्म निर्माता कमलेश कुमार मिश्रा द्वारा वृत्तचित्र फिल्म निर्माण पर कार्यशाला संचालित की गई।
- प्रसिद्ध यूट्यूबर सिद्धार्थ द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

- सीएनएन–न्यूज 18 के वरिष्ठ एंकर और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के संपादक माहा सिद्दीकी द्वारा एंकरिंग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- श्री युधवीर सिंह, चीफ वीडियो एडिटर, न्यूज नेशन टीवी चैनल द्वारा वीडियो एडिटिंग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- एफएम गोल्ड और रेनबो के वरिष्ठ रेडियो जॉकी श्री ओपी राठौड़ द्वारा रेडियो जॉकिंग पर एक कार्यशाला आयोजित की गई।
- अदानी डिजिटल लैब्स के वरिष्ठ प्रबंधक कुमार सौरभ द्वारा कॉपी राइटिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- आरटीवी के छात्रों ने नेटवर्क 18 समूह के लिए उत्तर प्रदेश 2019 के विधानसभा चुनाव में इंटर्न के रूप में कार्य किया।
- आईआईएमसी का अपना सामुदायिक रेडियो स्टेशन है, जिसे 'अपना रेडियो' कहा जाता है, जहां आरटीवी विभाग के छात्र रेडियो स्टेशन के लिए रेडियो कार्यक्रम बनाकर अपना योगदान देते हैं और अपने कौशल को बढ़ाते हैं।
- नगमा सहर (एनडीटीवी), रेहान फ़ज़ल (बीबीसी), वरिष्ठ पत्रकार सर्जना शर्मा, उमा शंकर सिंह (एनडीटीवी), आरजे काव्या, आरजे दिव्या, रवि पराशर, हर्षेंद्र वर्धन, शिवानी रावत, संजय पांडे आभा नेगी (वन वर्ल्ड), वरुण वागीश, संजय वोहरा, अपूर्व कृष्णा, धीरेंद्र पुंडीर (न्यूज नेशन), राज कुमार भारद्वाज (सीईसी), शिशिर सिन्हा (हिंदू बिजनेसलाइन), नसीम नकवी (एआईआर), इत्यादि सहित इस उद्योग से जुड़े कई विशेषज्ञों को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

उर्दू पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

वर्ष 2013 में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत के साथ भारतीय जन संचार संस्थान में उर्दू पत्रकारिता की आधारशिला रखी गई। कई वर्षों तक सफल प्रयोग के बाद वर्ष 2017 में इसे स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में परिवर्तित कर दिया गया। आईआईएमसी के अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की तरह यह भी एक वर्षीय पाठ्यक्रम है।

उर्दू पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य उन मीडिया पेशेवरों को प्रशिक्षित करना है जो प्रौद्योगिकी आधारित उर्दू मीडिया की बदलती जरूरतों के अनुसार कार्य कर सकें। संचार पर एक व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान करने, प्रभावी संचार के माध्यम से भागीदारी और सहभागिता को बढावा देने में पत्रकारों की भूमिका पर जोर देने, उन्हें व्यापक कौशल से परिचित और युक्त बनाने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उचित संचार कार्यनीति विकसित करने, उभरती प्रौद्योगिकियों के मद्देनजर पत्रकारों/कम्युनिकेटरों के लिए अवसरों को परिभाषित करने, और रिपोर्टिंग/संपादन/निर्माण/प्रसार की उभरती तकनीकों से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम को तैयार किया गया है।

2021-22 के दौरान पाठ्यकम की विशेषताएं

- सितंबर, 2021 में उर्दू पत्रकारिता विभाग के अध्ययन बोर्ड का गठन किया गया। तदनुसार, अध्ययन बोर्ड के अनुमोदन से उर्दू मीडिया की बदलती जरूरतों के अनुसार उर्दू पत्रकारिता पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई।

- शैक्षणिक सत्र 2021-22 के दौरान कुल 12 छात्रों को उर्दू पत्रकारिता में दाखिला मिला।
- वर्तमान बैच के दौरान उर्दू पत्रकारिता के छात्रों को पढ़ाने आने वाले प्रमुख प्रतिष्ठित पत्रकारों में 'नेटवर्क 18' से श्री तहसीन मुनव्वर, 'आलमी सहारा' से श्री लईक रिजवी, 'ईटीवी भारत' से

श्री खुर्शीद रब्बानी, 'बीबीसी' से श्री शादाब नजमी, 'एडफैक्टर्स पीआर' से श्री आनंद प्रकाश, 'ज़ी सलाम' से श्री इरफ़ान शेख, 'ज़ी सलाम' से श्री अब्बास मेहदी रिज़वी, 'ऑल इंडिया रेडियो' से श्री उमेश चतुर्वेदी, 'जनसत्ता' से श्री अमलेश राजू और 'दैनिक जागरण' के पूर्व सहायक संपादक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रवींद्र अग्रवाल शामिल हैं।

- ट्रांसजेंडरों के मुद्दों पर एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने के लिए बैच 2021-22 के छात्रों ने 30 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) का दौरा किया।
- उर्दू पत्रकारिता के छात्रों ने 10 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक 'नेटवर्क 18' में दो दिवसीय इंटर्नशिप में भाग लिया।

- उर्दू पत्रकारिता के छात्रों ने दिसंबर 2021 में क्षेत्रीय अंग्रेजी भाषा कार्यालय (आरईएलओ) के सहयोग से भारत में अमेरिकी दूतावास के पब्लिक अफेयर्स सेक्शन के अंतर्गत आयोजित एक माह की अंग्रेजी अध्ययन कक्षाओं में भाग लिया।
- उर्दू पत्रकारिता के छात्रों ने कई प्रयोगशाला पत्रिकाएँ तैयार कीं। पहले लैब जर्नल का विमोचन आईआईएमसी के महानिदशेक प्रो. संजय द्विवेदी द्वारा किया गया।

- उर्दू पत्रकारिता के छात्रों ने विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विशेष रेडियो बुलेटिन भी तैयार किए।
- उर्दू पत्रकारिता के 2020-21 बैच के छात्रों ने 1 अप्रैल, 2021 को डीडी न्यूज के समाचार कक्ष का दौरा किया और टीवी न्यूज रूम के कामकाज के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी हासिल की। उन्हें डीडी न्यूज के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा न्यूजरूम के कामकाज के बारे में जानकारी दी गई।
- पिछले बैच (2020-21) के दस छात्रों में से सात को नौकरी हासिल हुई है। उन्हें 'जी सलाम', 'एडफैक्टर्स पीआर', 'आई-पैक' और 'एनईडब्ल्यूजे' में रखा गया है एक छात्र ने स्वयं का YouTube चैनल शुरू किया है।
- पिछले बैच के कुछ छात्रों ने 2021-22 बैच के लिए उर्दू पत्रकारिता पाठ्यक्रम में प्रवेश को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया में विशेष अभियान चलाया।

आईआईएमसी क्षेत्रीय परिसर

आईआईएमसी ढेंकनाल परिसर, ओडिशा

उड़िया पत्रकारिता (2019-2020) - द्वितीय सेमेस्टर की ऑफ़लाइन कक्षाएं 12 अप्रैल से शुरू हुईं और 19 अप्रैल, 2021 तक जारी रहीं। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा महामारी प्रतिबंध लगाए जाने के कारण ऑफ़लाइन कक्षाएं बंद कर दी गईं। 26 अप्रैल, 2021 से ऑनलाइन कक्षाएं फिर से शुरू की गईं।

नियमित कक्षाओं के अलावा, कई वेबिनार और ऑनलाइन कार्यशालाओं का भी आयोजन किया गया।

वेबिनार

- राष्ट्रीय पीआर दिवस समारोह के अवसर पर 21 अप्रैल 2021 को पीआरएसआई, भुवनेश्वर के सहयोग से 'जन जागरूकता हेतु जनसंपर्क: कोविड-मुक्त विश्व का निर्माण' विषय पर वेबिनार का आयोजन।



- 8 मई, 2021 को 'समाजवाद से अध्यात्मवाद: एक लेखक की यात्रा - मनोज दास' पर वेबिनार का आयोजन।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर, 23 जनवरी, 2022 को संबाद साहित्य घर, अंगुल के सहयोग से "नेताजी: प्रतिबिंब और विचार" पर एक वेबिनार और कम्युनिकेशन टुडे के सहयोग से "नेताजी सुभाष चंद्र बोस: ए ग्रेट कम्युनिकेटर" पर एक अन्य वेबिनार 12 फरवरी, 2022 को आयोजित किया गया।
- विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर रेडियो भुवनेश्वर (इंटरनेट रेडियो) के सहयोग से 13 फरवरी, 2022 को "रेडियो एंड ट्रस्ट" पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

ऑनलाइन कार्यशालाएं

- केआईआईटी भुवनेश्वर के प्रो. एस.एन. मिश्रा द्वारा 7-9 जून, 2021 को "भारत का विकास पथ और दुविधाओं" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



- 2021-2022 बैच के लिए गूगल न्यूज इनिशिएटिव (जीएनआई) इंडिया ट्रेनिंग नेटवर्क के सहयोग से संबित पाल, एसोसिएट प्रोफेसर, एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी, पुणे द्वारा 27 जून, 2021 को और पुन: 11 जनवरी, 2022 को "फैक्ट चैकिंग एंड फेक न्यूज वेरिफिकेशन" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- 5-9 फरवरी, 2022 को विजुअल स्टोरीटेलिंग और फोटो जर्नलिज्म कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन डॉ. तबीना अंजुम कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार; हिमांशु व्यास, सहायक प्रोफेसर, एचजेयू, जयपुर और अमित चटर्जी, सहायक प्रोफेसर, वीएसएसयूटी विश्वविद्यालय, संबलपुर द्वारा किया गया। 11 जनवरी, 2022 को एक ई-फोटो बुक और द्वितीय लैब जर्नल भी जारी किया गया।

विशेष व्याख्यान

- प्रोफेसर (डॉ.) एस.एन. मिश्रा, केआईआईटी, भुवनेश्वर द्वारा 3 जुलाई, 2021 को गोपनीयता, सुरक्षा, नीति: डाटा संरक्षण कानून से संबंधित मुद्दे पर व्याख्यान।
- 4 अगस्त, 2021 को उड़िया पत्रकारिता दिवस के अवसर पर लेखक और उत्कल विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के अंग्रेजी के पूर्व प्रोफेसर प्रो. जतिंद्र नायक द्वारा पत्रकारिता और साहित्य पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- 31 अगस्त 2021 को हैदराबाद विश्वविद्यालय के संचार विभाग की डॉ. कंचन के. मलिक द्वारा "कम्युनिकेशन मीडिया: वोकल फॉर लोकल" पर छठे प्रो. के. एम. श्रीवास्तव मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया।
- 27 जनवरी, 2022 को प्रवेश आचार्य, द समाज, कटक द्वारा अंगदान पर व्याख्यान दिया गया।
- 14 मार्च, 2022 को आनंद बाजार पत्रिका द्वारा अपने प्रकाशन के 100 वर्ष पूरे किए जाने के अवसर पर, सुबीर घोष द्वारा इसके इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निभाई गई भूमिका पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया।



कैंपस सलेक्शन

आईआईएमसी ढेंकनाल ने 5 जुलाई से 16 जुलाई, 2021 तक कैंपस सलेक्शन प्रक्रिया का आयोजन किया। आर्गस न्यूज, कनक टीवी, उड़ीसा पोस्ट, धरित्री और ओडिशा लाइवलीहुड मिशन जैसे मीडिया संगठनों ने उड़िया और अंग्रेजी पत्रकारिता के छात्रों का चयन किया। उड़िया पत्रकारिता के छात्रों द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2021-22 में 100% प्लेसमेंट रिकॉर्ड प्राप्त किया गया।

अन्य गतिविधियां

- 21 जून, 2021 को शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।
- 4 अगस्त, 2021 को सुश्री जग्यानसेनी धाल (ओजे) को राधानाथ

रथ अध्येतावृत्ति और सुश्री ख्याति संगर (ईजे) को डॉ. सत्य महापात्रा मेमोरियल अध्येतावृत्ति से सम्मानित किया गया।

- नाट्य चेतना के सुबोध पटनायक और अल्टरनेटिव रिदम थिएटर के दिनेश दास द्वारा 6 नवंबर, 2021 को "खुसी" नामक एक ओपन-एयर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया।
- गणतंत्र दिवस समारोह के बाद 26 जनवरी, 2022 को रामायण की कहानियों को दर्शाने वाली मधुबनी चित्रकारी की एक भित्ति चित्र का उद्घाटन किया गया।

2021-2022

7 अक्टूबर, 2021 को तीन परिसरों (ढेंकनाल, आइजोल और कोट्टयम) के लिए अंग्रेजी पत्रकारिता स्नातकोत्तर डिप्लोमा और 2021-2022 बैच के लिए उड़िया पत्रकारिता की ऑनलाइन मोड में शुरुआत की गई। सभी क्षेत्रीय निदेशकों ने नए छात्रों का स्वागत किया और उन्हें संबोधित किया। यह पहली बार है कि ढेंकनाल क्षेत्रीय केंद्र ने तीन परिसरों के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की हैं और पहला सेमेस्टर सफलतापूर्वक पूरा किया।

दूसरे सेमेस्टर की ऑफलाइन कक्षाएं 7 मार्च 2022 को संबंधित परिसरों में शुरू हुईं। 14 मार्च, 2022 से नियमित टीवी, रेडियो बुलेटिन और दैनिक रिपोर्ट का प्रकाशन शुरू हो गया है। राष्ट्रीय एकता दिवस और संविधान दिवस पर आईआईएमसी, ढेंकनाल के सभी कर्मचारी सदस्यों द्वारा क्रमशः 26 अक्टूबर, 29 अक्टूबर और 26 2022 को एकता शपथ ली गई।

आईआईएमसी आइजोल परिसर, मिजोरम

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), उत्तर-पूर्व क्षेत्रीय (एनईआर) परिसर ने मिजोरम विश्वविविद्यालय (एमजेडयू) परिसर, तनहरील, आइजोल से 8 अगस्त, 2011 को अपना संचालन शुरू

किया।। इस परिसर का खोला जाना सामान्य रूप से उत्तर पूर्व, विशेष रूप से मिजोरम में उच्चतर शिक्षा क्षेत्र और साथ ही प्रख्यात आईआईएमसी ब्रांड के विकास के लिए एक बड़ा कदम था। संस्थान एमजेडयू के अस्थायी परिसर से कार्यान्वित है। तत्पश्चात मिजोरम विश्वविद्यालय ने स्थायी परिसर हेतु आईआईएमसी को आठ एकड़ जमीन आवंटित की है। छात्रावास और संकाय आवास सहित सभी सुविधाओं से युक्त स्थायी परिसर का 2015 में शुरू हुआ निर्माण कार्य पूरा होने वाला है। परिसर के सौंदर्यीकरण और लैंडस्केपिंग के कार्य जारी हैं। 2011 में अपनी स्थापना के बाद से, संस्थान मिजोरम और समग्र रूप से उत्तर पूर्व में पिछले कुछ वर्षों में प्रिंट और टेलीविजन दोनों मीडिया के विकास में आये भारी उछाल को देखते हुए इस क्षेत्र में कुशल जनशक्ति की मांग को पूरा करने के सही मार्ग पर अग्रसर है।

देश भर में महामारी की स्थिति और सरकार द्वारा लागू एसओपी के कारण भारतीय जन संचार संथान उत्तर पूर्व क्षेत्रीय (एनईआर) परिसर ने 2021-22 सत्र की ऑनलाइन शुरूआत की। पहले सेमेस्टर में, आईआईएमसी (एनईआर) परिसर, ढेंकनाल और कोट्टयम परिसरों के साथ आयोजित होने वाले अंग्रेजी पत्रकारिता पाठ्यक्रम का हिस्सा था। अंग्रेजी पत्रकारिता की ऑनलाइन कक्षाएं और अन्य मिश्रित शैक्षणिक गतिविधियां प्रोफेसर मृणाल चटर्जी, क्षेत्रीय निदेशक और शैक्षणिक प्रमुख, ढेंकनाल परिसर के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

प्रथम सेमेस्टर के दौरान, आईआईएमसी एनईआर परिसर के शिक्षक और छात्रों ने ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। देश के विभिन्न हिस्सों के छात्रों के लिए 2021-22 सत्र का दूसरा सेमेस्टर ऑफ़लाइन शुरू किय गया।

शैक्षणिक सत्र की शुरूआत के बाद से, प्रशासनिक के साथ-साथ शैक्षणिक कार्यों को ऑफ़लाइन रूप से संतोषजनक ढंग से पूरा किया गया। 25 जनवरी, 2022 को मतदाता दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक श्री एल आर साइलो की अध्यक्षता में एनईआर परिसर के कर्मचारी और संकाय सदस्यों ने मतदान की शपथ ली।

16 से 31 जनवरी, 2022 के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वच्छता अभियान के पखवाड़े के प्रांरभ में, 17 जनवरी, 2022 को आईआईएमसी, एनईआर परिसर के संकाय और कर्मचारियों ने श्री एल.आर. साइलो की अध्यक्षता में स्वच्छता शपथ ली इस दौरान एनईआर परिसर में स्वच्छता और मानक स्वच्छता प्रोटोकॉल का उचित ध्यान रखा गया। स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधियों में छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

नए परिसर में 25 जनवरी, 2022 को विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा गतिविधियों के हिस्से के रूप में, छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा साप्ताहिक आधार पर स्वच्छता कार्य किए जाते हैं। छात्रों के लिए स्वच्छता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने अपने दैनिक रेडियो समाचार बुलेटिन कार्य के भाग के रूप में स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित थीम पर रेडियो जिंगल भी तैयार किया। छात्रों द्वारा तैयार किए गए मासिक लैब जर्नल में स्वच्छता पखवाड़ा थीम से संबंधित लेख भी शामिल किए।

एनईआर परिसर को 22 मार्च, 2022 को ऐलावंग फिल्म सिटी के उद्घाटन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। श्री एलआर साइलो सहित संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में सूचना और जन संपर्क विभाग और मिजोरम फिल्म फोरम के कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। छात्रों ने कार्यक्रम की तस्वीरें लीं और रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

जैसे नृत्य और गायन में भी भाग लिया; साथ ही कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्हें गाँव के आसपास के दर्शनीय स्थलों के भी दर्शन कराए गए।

25 मार्च को, मिजोरम विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग ने एक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया, जहां आईआईएमसी एनईआर कैंपस के छात्रों ने विभिन्न भाषाओं में तीन फिल्मों की स्क्रीनिंग में भाग लिया।

मिजोरम विश्वविद्यालय परिसर के भीतर आईआईएमसी एनईआर के स्थायी परिसर के कार्य को सीपीडब्ल्यूडी को 7 अप्रैल, 2022 को सौंपा गया। भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, जबकि सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है और चारदीवारी का निर्माण और साज-सज्जा का काम अभी किया जाना बाकी है। नए सत्र की शुरुआत नए परिसर से किए जाने की संभावना है।

इस बात का उल्लेख करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 2017-2018 बैच के परिसर के पूर्व छात्र आदित्य गौतम अंतरराष्ट्रीय स्तर के लेखक बन गए हैं। उनका पहला उपन्यास, ए ड्रीम ऑफ़ डुप्लीसिटी, एस्थेटिक प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है, और यह अमेरिका और यूरोप में पाठकों के लिए उपलब्ध है

साल दर साल, आइज़ोल परिसर के छात्र प्रतिष्ठित मीडिया संगठनों जैसे रॉयटर्स, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, इंडियन एक्सप्रेस, न्यू इंडियन एक्सप्रेस, इंडिया टुडे, ईटीवी और अन्य में प्लेसमेंट हासिल करके अपनी दक्षताओं को साबित कर रहे हैं। नियमित पाठ्यक्रम के अलावा, उत्तर पूर्व परिसर छात्रों को समृद्ध और जीवंत भारतीय संस्कृतियों के विविध पहलुओं से परिचित होने और अनुभव करने का अवसर प्रदान कर रहा है, जो उभरते पत्रकारों के लिए एक अध्ययन का महत्वपूर्ण अनुभव है।

आईआईएमसी जम्मू परिसर, जम्मू एवं कश्मीर

देश के अन्य हिस्सों में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए, आईआईएमसी ने 2012-13 के दौरान जम्मू में अपना नया क्षेत्रीय केंद्र स्थापित किया। जम्मू और कश्मीर सरकार ने अकादमिक सुविधाओं और छात्रों के छात्रावास और गेस्ट हाउस के लिए आईआईएमसी को किराया मुक्त आवास उपलब्ध कराया। राज्य सरकार द्वारा संस्थान को आवंटित 15 एकड़ भूमि पर स्थायी परिसर का निर्माण किया जा रहा है। 2022-23 सत्र की शुरुआत तक परिसर का निर्माण कार्य पूरा हो जाने की संभावना है।

भारतीय जन संचार संस्थान, जम्मू परिसर का उद्देश्य ज्ञान-आधारित सूचना समाज के निर्माण, मानव विकास, सशक्तिकरण और सहभागी लोकतंत्र में योगदान देनें, सार्वभौमिक मूल्य और नैतिकता में निहित बहुलवाद हेतु अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए मीडिया शिक्षण अनुसंधान हेतु वैश्विक मानदंड स्थापित करना है। इसका उद्देश्य एक ऐसे गतिशील अधिगम और कामकाजी माहौल का निर्माण करना है जो नए विचारों, रचनात्मकता, अनुसंधान, छात्रवृत्ति को पोषित करता हो और मीडिया और जन संचार के क्षेत्र में नेतृत्वकर्ताओं और नवप्रवर्तकों को विकसित करना है

मुख्य गतिविधियां

स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त, 2021 को जम्मू परिसर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। क्षेत्रीय निदेशक प्रो. राकेश गोस्वामी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने

संबोधन में, प्रो. गोस्वामी ने कर्मचारियों से राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए और अधिक जोश और उत्साह के साथ काम करने और राष्ट्र को सर्वप्रथम रखने का आग्रह किया।

हिन्दी पखवाड़ा समारोह

आईआईएमसी जम्मू परिसर में 14 से 28 सितंबर, 2021 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के हिस्से के रूप में, परिसर में सभी नाम पट्टिकाओं को हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषिक रूप में बनाया गया, और 22 सितंबर को "फ्युचर ऑफ लैंगेवज प्रेस" विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रख्यात हिंदी लेखक और कवि, डॉ. अग्निशेखर मुख्य अतिथि और अनुभवी टीवी पत्रकार अश्विनी कुमार सम्मानित अतिथि थे। पखवाड़े के दौरान कर्मचारियों के लिए एक लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

गांधी जयंती समारोह

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर, 2021 गांधी जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान, संकाय सदस्यों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और राष्ट्रपिता द्वारा प्रतिपादित मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

महानिदेशक और अपर महानिदेशक का दौरा

आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी और अपर महानिदेशक श्री आशीष गोयल ने 2 दिसंबर, 2021 को जम्मू परिसर का दौरा किया और परिसर में जारी गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने केरन, बनतलाब में नए परिसर भवन के किए जा रहे निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की और अभियंताओं को परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिये। महानिदेशक ने जम्मू केंद्र के संकाय सदस्यों के साथ बातचीत की और साथ ही उन्हें इस केंद्र को देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया।

गणतंत्र दिवस

26 जनवरी, 2022 को जम्मू परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया गया। क्षेत्रीय निदेशक प्रो. राकेश गोस्वामी ने इस अवसर पर तिरंगा फहराया। समारोह में कर्मचारी और संकाय सदस्य शामिल हुए।

स्वच्छता अभियान

स्वच्छता अभियान की कार्य योजना के हिस्से के रूप में, जम्मू परिसर में साल भर हर सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाया गया।

आईआईएमसी कोट्टयम परिसर, केरल

1995 में दक्षिण भारत में भारतीय जन संचार संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना कोट्टयम - साहित्य, वनस्पति और झीलों की भूमि - में की गई। इसकी स्थापना पेशेवर पत्रकारों, जनसंपर्क कर्मिकों और राज्य सूचना अधिकारियों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए की गई थी। 2012 में, पहली बार आईआईएमसी कोट्टयम ने अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शुरुआत के साथ स्नातक छात्रों के प्रवेश हेतु अपने संस्थान के द्वार खोले। तब से, आईआईएमसी कोट्टयम प्रतिबद्धता, गुणवत्ता और उद्योग-तत्परता के साथ लगातार पत्रकारिता की प्रतिभाओं को संपोषित कर रहा है।

वर्ष 2017 में क्षेत्रीय परिवेश में पत्रकारिता प्रशिक्षण के नए गुणवत्ता मानक स्थापित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परिसर में मलयालम पत्रकारिता में स्नातकोत्तर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। भाषा मीडिया में गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान करने पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने के साथ यह राष्ट्रीय स्तर पर मलयालम भाषा में पहला पत्रकारिता पाठ्यक्रम है। प्रमुख मीडिया संगठनों में करियर बनाने वाले अपने छात्रों के साथ इस पाठ्यक्रम ने अच्छी देश में अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित की है।

2019 में, आईआईएमसी के नए और स्थायी दक्षिण क्षेत्रीय परिसर को कोट्टयम से लगभग 12 किमी दूर पम्पडी में 10 एकड़ के हरे-भरे, सुंदर स्थान में चालू किया गया। यह शैक्षणिक-सह-प्रशासनिक ब्लॉक, छात्रावास, अतिथि गृह, स्टाफ क्वार्टर और अन्य सुविधाओं वाला एक आवासीय परिसर है। नए परिसर के साथ, आईआईएमसी द्वारा कोट्टयम में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संचार पेशेवरों के लिए नए अल्पकालिक पाठ्यक्रमों की श्रृखंला शुरू करके अपना स्थान और ऊंचा करने की परिकल्पना की गई है। आने वाले वर्षों में, आईआईएमसी कोट्टयम की आकांक्षा दक्षिण भारत में जनसंचार और मीडिया प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बनने की है।

शैक्षणिक गतिविधियां

कोविड-19 महामारी के कारण, अधिकांश नए शैक्षणिक सत्र ऑनलाइन मोड में आयोजित किए गए। 7 मार्च, 2022 को ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित करने हेतु परिसर को पुन: खोल दिया गया। पत्रकारिता और जनसंचार की बारीकियों के बारे में जानकारी देने के लिए विशेषज्ञों द्वारा उन्मुखीकरण व्याख्यान और अर्थप्रकाशक सत्र आयोजित किए गए। आंतरिक संकाय की नियमित कक्षाओं के अलावा, छात्रों को इस व्यवसाय की समग्र जानकारी प्रदान करने के लिए कार्यशालाओं और इंटरैक्टिव सत्रों की भी व्यवस्था की गई।

- **प्रथम देवजी भीमजी मेमोरियल व्याख्यान :** केरल में पत्रकारिता के क्षेत्र में देवजी भीमजी के अग्रणी योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए, आईआईएमसी कोट्टयम ने 15 जुलाई, 2021 को 'राष्ट्र, राष्ट्रीयता और मीडिया: मुद्दे और चुनौतियां' विषय पर पहले देवजी भीमजी मेमोरियल अभिभाषण की शुरूआत की। पहला व्याख्यान डॉ. सी.वी. आनंद बोस, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा ऑनलाइन दिया गया।
- **प्रथम चेंगुलथु कुंजीरामा मेनन मेमोरियल व्याख्यान:** केरल में पत्रकारिता के विकास में श्री सी कुंजीरामा मेनन के योगदान को सम्मान देने के लिए, आईआईएमसी, कोट्टयम ने श्री मेनन के नाम पर पहला व्याख्यान आयोजित किया। श्री के जयकुमार, आईएएस, पूर्व मुख्य सचिव केरल सरकार द्वारा 20 जनवरी, 2022 को व्याख्यान दिया गया।
- **वीडियोग्राफी तकनीक पर तीन दिवसीय कार्यशाला:** छात्रों को वीडियोग्राफी कौशल प्रदान करने की दृष्टि से, प्रसिद्ध चलचित्रकार श्री उन्नीमदवूर के नेतृत्व में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **संपादन तकनीकों पर तीन दिवसीय कार्यशाला:** एफसीपी प्रो और एडोब प्रीमियर प्रो में लीनियर और नॉन-लीनियर संपादन प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु, प्रसिद्ध फिल्म संपादक श्री शिवराम मोनी के नेतृत्व में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- छात्रों को प्रतिष्ठित व्यक्तियों - शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वैज्ञानिकों, विद्वानों और विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के साथ संवाद करने और उनसे जुड़ने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्कॉलर-इन-कैंपस कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस वर्ष कार्यक्रम के तहत 10 मार्च, 2022 को प्रो. कवियूर शिवप्रसाद, प्रमुख-फ़िल्म एप्रिसिएशन, के.आर. नारायणन, इंस्टीट्यूट ऑफ विजुअल आर्ट्स एंड साइंस, कोट्टयम, केरल ने छात्रों के साथ बातचीत की।

परिसर में समारोह

- योग प्रोटोकॉल (महामारी प्रतिबंधों के मद्देनजर) के अनुसार कर्मचारियों द्वारा 21 जून, 2021 को अपने घरों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।
- कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुपालन करते हुए ओणम समारोह का आयोजन किया गया; आईआईएमसी कोट्टयम के छात्रों ने अथापुक्कलम (पारंपरिक फूलों की व्यवस्था) बनाया; क्षेत्रीय निदेशक और उप- निदेशक ने छात्रों और कर्मचारियों को ओणम संदेश दिया।
- 14 सितंबर, 2021 को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक और उप निदेशक ने कर्मचारियों को संबोधित किया।
- 26 अक्टूबर - 1 नवंबर, 2021 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय निदेशक द्वारा कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

- राष्ट्रीय युवा दिवस - स्वामी विवेकानंद और उनके प्रेरक संदेशों को याद करते हुए 12 जनवरी, 2022 को विवेकानंद जयंती मनायी गयी।
- गणतंत्र दिवस - 26 जनवरी, 2022 को क्षेत्रीय निदेशक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस आयोजन में संयुक्त निदेशक और अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया।
- 8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आईआईएमसी कोट्टयम को सबसे लंबे समय तक अपनी सेवाएं प्रदान करने वाली महिला कर्मचारी कोचुरानी जॉय को उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और संस्थान की सेवा के लिए सम्मानित किया गया।
- गुरुओं, जो ज्ञान की दुनिया के दर्शन कराते हैं, उनके प्रति छात्रों की श्रद्धा व्यक्त करने के उद्देश्य से गुरुवंदनम कार्यक्रम की शुरुआत की गई।
- 'हमारी भाषा को जानें' कार्यक्रम का उद्देश्य केरल से बाहर के छात्रों कों मलयालम में बुनियादी संचार कौशल प्रदान करना है।

स्वच्छ भारत पखवाड़ा

स्वच्छ भारत पखवाड़े के हिस्से के रूप में, क्षेत्रीय निदेशक द्वारा कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। पखवाड़े के हिस्से के रूप में, संस्थान द्वारा अंग्रेजी और मलयालम पत्रकारिता के छात्रों के लिए संबंधित विषयों पर निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, परिसर में नियमित सफाई अभियान चलाया जाता है।

लैब जर्नल – आईआईएमसी वॉयस एंड एजहुथोला

अखबारों और पत्रिकाओं के लिए लेखन, संपादन और डिजाइन के प्रशिक्षण के हिस्से के रूप में, आईआईएमसी कोट्टयम के छात्रों ने अंग्रेजी के साथ-साथ मलयालम में क्रमशः आईआईएमसी वॉयस और एजहुथोला लैब जर्नल का डिजाइन और प्रकाशन किया।

सोशल मीडिया

एक वेरिफाइड फेसबुक पेज, सक्रिय ट्विटर अकाउंट और एक वेरिफाइड इंस्टाग्राम अकाउंट के साथ संस्थान की सोशल मीडिया पर सक्रिय उपस्थिति है। संस्थान की सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों का प्रचार और प्रसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जाता है। वास्तव में, आईआईएमसी कोट्टयम आईआईएमसी का पहला ऐसा क्षेत्रीय परिसर है, जिसका संचार हेतु एक वेरिफाइड सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं।

भविष्य की रूपरेखा

संस्थान अपने सहयोगात्मक नेटवर्क के विस्तार की योजना बना रहा है, जिससे अन्य शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों के साथ आवश्यक संबंध बनाए जा सकें। संचार क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों और समाधानों को शामिल करने वाली एक द्विभाषी शोध पत्रिका का भी विचार किया जा रहा है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन को सभी साधनों से युक्त रूप से स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। आईआईएमसी कोट्टयम का उद्देश्य ज्ञान-संचालित सूचना समाज के निर्माण की दिशा में अपने दृष्टिकोण को पूरा करने और जन संचार और मीडिया प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट संस्थान के रूप में अपनी छवि को विस्तारित करना है।

आईआईएमसी अमरावती परिसर, महाराष्ट्र

अमरावती में आईआईएमसी के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र ने वर्ष 2011 में अंग्रेजी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम की शुरुआत के साथ स्नातक छात्रों के लिए अपने दरवाजे खोले। तब से, आईआईएमसी अमरावती प्रतिबद्धता और गुणवत्ता के साथ पत्रकारिता क्षेत्र की प्रतिभाओं को लगातार तैयार कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भाषाई मीडिया में गुणवत्ता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए और विशेष रूप से क्षेत्रीय परिवेश में पत्रकारिता प्रशिक्षण में नए गुणवत्ता मानकों को स्थापित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में मराठी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किया गया। इस निर्णय ने पूरे महाराष्ट्र के छात्रों के लिए सबसे प्रतिष्ठित संस्थान से पत्रकारिता में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त किया। पाठ्यक्रम ने देश के प्रमुख मीडिया संगठनों में अपने छात्रों के प्लेसमेंट के साथ अच्छी प्रतिष्ठा अर्जित की है। वर्तमान में इसका संचालन संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय परिसर से किया जा रहा है। बडनेरा (अमरावती) में एक स्थायी परिसर के निर्माण के लिए भूमि आवंटित की गई है। यह परिकल्पना की गई है कि नए परिसर के पूरा होने के बाद, विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस मीडिया शिक्षा और अनुसंधान केंद्र महाराष्ट्र राज्य के साथ-साथ आस-पास के राज्यों के मीडिया के विद्यार्थियों को लाभान्वित करेगा।

केंद्र में समर्पित शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी कार्यरत हैं, जो शिक्षण में नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से गौरव अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। शहर में होने वाले विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, शैक्षिक कार्यक्रमों में छात्रों की उपस्थिति ने संस्थान को जनता के बीच अपनी पहचान बनाने में मदद की है। सभी अकादमिक और गैर-शैक्षणिक गतिविधियों को छात्रों, विशेषज्ञ आउटसोर्स फैकल्टी और इन-हाउस फैकल्टी के सक्रिय सहयोग के साथ पेशेवर रूप से संचालित किया जा रहा है।

प्रमुख गतिविधियां और उपलब्धियां

- कम्युनिकेशन रिसर्च पेपर के तहत अंग्रेजी पत्रकारिता के 11 और मराठी पत्रकारिता के 13 छात्रों ने पत्रकारिता, न्यू मीडिया, विकास

पत्रकारिता, ब्रांडिंग, विज्ञापन और पीआर जैसे विषयों पर शोध परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया।

- कोविड की स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों के बीच, आईआईएमसी अमरावती ने उत्कृष्ट नवोदित मीडिया पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता बरकरार रखी। लैब जर्नल ऑनलाइन मोड में तैयार किए गए।

- आईआईएमसी अमरावती मराठी पत्रकारिता के छात्रों के लिए एक विशेष लाइव व्याख्यान 90.4 एफएम, सामुदायिक रेडियो, कृषि विज्ञान केंद्र, बांदेरा अमरावती के स्टेशन समन्वयक श्री संजय घरडे द्वारा आयोजित किया गया था। इसका मकसद छात्रों को उपकरण की स्थापना और एक रेडियो स्टेशन के प्रोडक्शन प्रोसेस से परिचित कराना था।

- 14 अप्रैल, 2021 को डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। आईआईएमसी अमरावती को शुक्रवार संवाद के तहत एक विशेष व्याख्यान की मेजबानी करने का मौका दिया गया, जो आमतौर पर आईआईएमसी दिल्ली के आउटरीच विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध विचारक और साप्ताहिक विवेक-मुंबई के संपादक श्री रमेश पतंगे को आमंत्रित किया गया था। प्रकाशन विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) वी. के. भारती ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

- 1 मई, 2021 को महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर, महाराष्ट्र टाइम्स के प्रख्यात संपादक और राज्य सभा के पूर्व सदस्य, डॉ भरतकुमार राउत को एक विशेष व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। एमजीएम विश्वविद्यालय औरंगाबाद और वाईसीएमओयू, नासिक के पूर्व कुलपति डॉ सुधीर गव्हाने ने इस सत्र की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में 250 से अधिक मीडिया शिक्षकों, पत्रकारों और छात्रों ने गूगल मीट और फेसबुक लाइव के माध्यम से भाग लिया।

- आईआईएमसी अमरावती ने सभी परिसरों में छात्रों के लिए दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (एससीजेडसीसी) नागपुर के सहयोग से 'सांस्कृतिक रिपोर्टिंग' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के लिए पंजीकृत कुल 128 छात्रों को एससीजेडसीसी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

- यूनिसेफ और भारतीय जन संचार संस्थान, अमरावती ने 4 महीने (अगस्त-नवंबर 2021) के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन प्रोग्राम (कुल 8 ओरिएंटेशन प्रोग्राम) के लिए मीडिया छात्रों के लिए लर्निंग क्राइसिस, क्लाइमेट एक्शन, बाल अधिकार, महिला, बाल और किशोर स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए। इस कार्यक्रम के तहत निम्नलिखित वेबिनार आयोजित किए गए:



वेबिनार 1: प्राथमिक विद्यालयों को फिर से खोलना: नई संभावनाएँ और बाधाएं : यह वेबिनार मीडिया के छात्रों के लिए था। इस वेबिनार का उद्देश्य मीडिया के छात्रों को प्राथमिक शिक्षा प्रणाली पर कोविड-19 के प्रभाव और प्राथमिक शिक्षा में सीखने के संकट के बारे में शिक्षित करना था। इस वेबिनार का आयोजन दिनांक 07.09.2021 को किया गया, जिसमें श्री अनिल गुलाटी, संचार विशेषज्ञ, यूनिसेफ मध्य प्रदेश, सुश्री रेशमा अग्रवाल, शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ महाराष्ट्र, श्री. फ्रॉघ अहमन जामी, शिक्षा विशेषज्ञ, यूनिसेफ मध्य प्रदेश और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती के साथ-साथ छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

वेबिनार 2: जलवायु परिवर्तन और भारतीय परिप्रेक्ष्य : इस वेबिनार का उद्देश्य मीडिया के छात्रों को जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक जलवायु समाधानों की भूमिका के बारे में शिक्षित करना था। यह वेबिनार 22.09.2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें श्री युसूफ कबीर, कार्यक्रम विशेषज्ञ - जल आपूर्ति और स्वच्छता, यूनिसेफ मुंबई, श्री बोधिसत्व गणेश खंडेराव, युवा पर्यावरण कार्यकर्ता यूनिसेफ

महाराष्ट्र, स्वामी विशालानंद, कार्यक्रम समन्वयक जेल सुधार - दिव्य ज्योति संस्थान, श्री यादव तर्ते पाटिल, संस्थापक और अध्यक्ष - दिशा फाउंडेशन अमरावती और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती के साथ-साथ छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

वेबिनार 3: भारत में बच्चों की स्थिति पर मीडिया संवाद : वेबिनार का उद्देश्य मीडिया के छात्रों को बच्चों के अधिकारों और उनके लिए किए गए प्रयासों के बारे में शिक्षित करना था। यह वेबिनार 30.09.2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें डॉ वृषाली जोशी, वर्धा मेडिकल कॉलेज, मुंबई, श्री अनिल गुलाटी, संचार विशेषज्ञ, यूनिसेफ मध्य प्रदेश और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती सहित छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

वेबिनार 4: किशोरावस्था - स्वास्थ्य और सामाजिक परिप्रेक्ष्य : वेबिनार का उद्देश्य मीडिया के छात्रों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक और शिक्षित करना था। इस वेबिनार का आयोजन दिनांक 17.10.2021 को किया गया, जिसमें प्रोफेसर अंजू वर्मा, व्याख्याता गृह विज्ञान, रघु नाथ गर्ल्स इंटर कॉलेज, मेरठ, डॉ. मोना चिमोटे, विभागाध्यक्ष, मराठी एवं हिंदी, संत गाडगे बाबा अमरवती विश्वविद्यालय, डॉ. मनोज सुधीर ततवाड़ी, प्रोफेशनल कंटेंट और क्रिएटिव राइटर, प्रोफेसर अश्विनी कांबले, सहायक प्रोफेसर, शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर, श्रीमती नेत्रा दाव, संचार विशेषज्ञ और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती के साथ-साथ छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

वेबिनार 5: प्राथमिक विद्यालयों में खेलों पर ध्यान देने का महत्व : वेबिनार का उद्देश्य मीडिया के छात्रों को उस पहलू के बारे में जागरूक करना और शिक्षित करना था, जिसे पहले उपेक्षित किया गया था, यानी प्राथमिक विद्यालयों में खेलों पर ध्यान देने का महत्व। यह वेबिनार 30.10.2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें डॉ. तनुजा राउत, एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रमुख, एसजीबी अमरावती विश्वविद्यालय, डॉ. मनोज सुधीर ततवाड़ी, प्रोफेशनल कंटेंट और क्रिएटिव राइटर और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

वेबिनार 6: शिक्षा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन का मुकाबला : वेबिनार का उद्देश्य मीडिया के छात्रों को उस पहलू के बारे में जागरूक करना और शिक्षित करना था, जो पहले उपेक्षित था, यानी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मुकाबला करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में जलवायु कार्रवाई शिक्षा। इस वेबिनार का आयोजन दिनांक 28.11.2021 को किया गया, जिसमें डॉ. पी.के. वर्मा, श्री किशोर रिठ और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती के साथ-साथ छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

वेबिनार 7: बच्चों के खिलाफ हिंसा - समस्या और रोकथाम : वेबिनार का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना और मीडिया के छात्रों को उस पहलू के बारे में शिक्षित करना था जिसे पहले उपेक्षित किया गया था, यानी बच्चों के खिलाफ हिंसा। यह वेबिनार 07.12.2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें सुश्री सुचिता बर्वे, सामाजिक कार्यकर्ता-अमरावती, श्री विजय डोईफोडे, पूर्व अध्यक्ष: सीडब्ल्यूसी-मुंबई और क्षेत्रीय निदेशक, आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती सहित छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

- प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र कुमार भारती ने 28.02.2022 को आईआईएमसी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर, अमरावती के क्षेत्रीय निदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाला।

आयोजित किए गए अल्पावधि पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार और सम्मेलन

भारत और अन्य विकासशील देशों के संदर्भ में मीडिया और जनसंचार से संबंधित विभिन्न मुद्दों को बेहतर तरीके से समझने में योगदान देने के दृष्टिगत और उभरती प्रवृत्तियों और तकनीकों के बारे में विभिन्न क्षेत्रों के कर्मियों की जागरूकता बढ़ाने और उनके कौशल वृद्धि हेतु संस्थान द्वारा संचार से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न प्रकार के अल्पकालिक पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं, सेमिनारों और सम्मेलनों का आयोजन किया जाता रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के कर्मियों के लिए संस्थान नियमित रूप से अल्पकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम भी संचालित करता है।

विकास पत्रकारिता

आईआईएमसी ने समाचार कवरेज में विकृति और असंतुलन के संदर्भ में गुटनिरपेक्ष देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु अफ्रीकी-एशियाई देशों के मध्य स्तर के कामकाजी पत्रकारों के लिए 1969 में एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम – पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स इन जर्नलिज्म फॉर डेवलपिंग कंट्रीज की शुरूआत की। यह भारत सरकार की आईटीईसी योजनाओं के अंतर्गत प्रमुख पाठ्यक्रमों में से एक है। यह विकास पत्रकारिता पाठ्यक्रम विशेष रूप से विकासशील दुनिया के देशों के मध्य संचार क्षेत्र के अनुभव, विशेषज्ञता और नवाचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से विकास के एक उपकरण के रूप में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समझ को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। इन वर्षों में, आईआईएमसी ने वर्णानुक्रम में अफगानिस्तार से लेकर

ज़िम्बाब्वे तक 127 देशों के 1,706 से अधिक विदेशी पत्रकारों को प्रशिक्षित किया है।

2021-22 के दौरान, कोविड -19 महामारी के कारण विभिन्न प्रतिबंधों, विशेष रूप से यात्रा और वीजा प्रतिबंधों के चलते आईआईएमसी के विकास पत्रकारिता विभाग द्वारा किसी प्रकार के पाठ्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सका।

अल्पकालिक पाठ्यक्रम विभाग

भारतीय जन संचार संस्थान संचार और मीडिया से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित विभिन्न प्रकार के अल्पकालिक पाठ्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। एक सप्ताह से लेकर चार सप्ताह की अवधि के ये विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रमों को सशस्त्र बलों के अधिकारियों, विभिन्न राज्यों के पुलिस कर्मियों और साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न मीडिया और प्रचार संगठनों में काम करने वाले कर्मिकों के व्यावसायिक प्रशिक्षण संबधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। मीडिया से संबंधित विभिन्न संगठनों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष लगभग ऐसे आठ से दस पाठ्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इन अल्पकालिक पाठ्यक्रमों में प्रतिभागियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार अनुभव प्रदान करने हेतु शिक्षा और मीडिया उद्योग के प्रतिष्ठित वक्ताओं के विभिन्न सत्र शामिल हैं। अपनी स्थापना के बाद से, संस्थान ने लगभग ऐसे 712 पाठ्यक्रमों का आयोजन किया है, और भारत और विदेशों से लगभग 15,225 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।

पिछले शैक्षणिक वर्ष में महामारी के बावजूद, भारतीय जनसंचार संस्थान ने पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार और प्रो. (डॉ.) गोविंद सिंह की देखरेख में 10 मीडिया और संचार पाठ्यक्रम आयोजित किए। इन पाठ्यक्रमों की रूपरेखा, समन्वय और संचालन का कार्य अल्पावधि पाठ्यक्रम विभाग की टीम द्वारा किया गया।

इन मीडिया और संचार पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों ने समग्र मीडिया परिदृश्य लेकर, मीडिया प्रबंधन और स्वामित्व पद्धति, सोशल मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र, दुनिया में मीडिया के नए रुझान, डिजिटल युग में मीडिया संचालन, फैक्ट चैक, प्रभावी जनसंपर्क के साधन की समझ प्रेस विज्ञप्ति के तत्व, ऑनलाइन मॉक प्रेस वार्ता, डिजिटल मीडिया और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां और मीडिया संचार और सामग्री निर्माण संबंधी भारतीय परिप्रेक्ष्य जैसे सत्रों में भाग लिया। इस अवधि के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयोजित किए गए:

- रक्षा मंत्रालय के डीपीआर अधिकारियों के लिए मीडिया और संचार पर 07 से 18 जून, 2021 तक 12 दिन के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 37 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 12 से 16 जुलाई, 2021 तक भारतीय सशस्त्र बलों के सीआरपीएफ अधिकारियों के लिए मीडिया और संचार पर एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- भारतीय सशस्त्र बलों के तटरक्षक अधिकारियों के लिए मीडिया और संचार पर 23 से 27 अगस्त, 2021 तक एक सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों (सामान्य रैंक) के लिए मीडिया और संचार पर एक सप्ताह का कार्यक्रम 06 से 10 सितंबर, 2021 तक आयोजित किया गया, जिसमें 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- 27 सितंबर से 15 अक्टूबर 2021 तक भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों प्रशिक्षुओं/पीआरओ/अनुदेशकों के लिए मीडिया और संचार पर तीन सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों (सामान्य रैंक) के लिए मीडिया और संचार पर 22 नवंबर से 03 दिसंबर, 2021 तक दो सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- भारतीय सशस्त्र बलों के मध्य स्तर के अधिकारियों और कर्मचारी प्रशिक्षु /पीआरओ/ अनुदेशकों के लिए 13 से 24 दिसंबर, 2021 तक मीडिया और संचार पर दो सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एपीपी/ पीआरओ/अनुदेशकों के लिए 10 से 28 जनवरी, 2022 तक मीडिया और संचार पर तीन सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- 14 से 18 फरवरी, 2022 तक जम्मू-कश्मीर सरकार के सूचना और जनसंपर्क अधिकारियों के लिए मीडिया और संचार पर एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- मार्च 2022 में भारतीय रेल के सूचना और जनसंपर्क अधिकारियों (डब्ल्यूसीआर एवं एनडब्लयूआर) के लिए मीडिया और संचार पर एक सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 22 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संचार अनुसंधान विभाग

संचार अनुसंधान विभाग का फोकस संस्थान के अनुसंधान एजेंडे के एक अभिन्न अंग के रूप में संचार और मीडिया के व्यवस्थित अध्ययन पर है। विभाग के प्रयासों को सरकार की जन संचार नीतियों और संचार कार्यक्रमों के विश्लेषण और प्रमुख विकास मुद्दों पर उनके प्रभाव के आकलन हेतु निर्देशित किया जाता है। विभाग ने पिछले 55 वर्षों में विभिन्न विषयों पर 200 से अधिक शोध अध्ययनों के साथ संचार में अनुसंधान के संबंध में एक कीर्तिमान स्थापित किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों की मीडिया इकाइयों के मीडिया अभियानों का अध्ययन और मूल्यांकन विभाग के अनुसंधान कार्यक्रम की एक सतत विशेषता है।

विभाग पेशेवर कम्युनिकेटरों, शिक्षाविदों और विभाग के नेतृत्व में अनुसंधान पहल और प्रशिक्षण कार्यशालाओं में सहयोग करने वाले शोधकर्ताओं के सहयोग वाली एक प्रणाली के माध्यम से कार्य करता है।

उक्त अवधि के दौरान विभाग द्वारा की गई प्रमुख अनुसंधान गतिविधियां निम्नलिखित हैं:

क) राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाएं

1. साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार के प्रतिपालन और मांग सृजन हेतु एक उपकरण के रूप में मीडिया का उपयोग पर मूल्यांकन अध्ययन का चरण-I । *इसे साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू किया गया था।*

इस अध्ययन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की स्वास्थ्य संबंधी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया। गतिविधियों का निष्पादन सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीएफएआर), एक कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा किया गया, जिसने छत्तीसगढ़ में मुख्य रूप से महिला और बाल स्वास्थ्य संबंधी एसईसीएल की सीएसआर गतिविधियां संचालित की। सीएसआर गतिविधियों का उद्देश्य और फोकस विभिन्न जिलों में सबसे कमजोर लोगों के प्रति जवाबदेही और सेवा में अनुपातिक वृद्धि को प्राप्त करने हेतु मीडिया पक्ष का उपयोग करते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आरएमएनसीएचए+एन (प्रजनन, मातृ, नवजात, बच्चे, किशोर स्वास्थ्य और पोषण) कार्यक्रम की सार्वजनिक और नीतिगत भागीदारी को बढ़ाना था। सीएफएआर के अनुसार, इस परियोजना का चरणबद्ध तरीके से 24 महीने में कार्यान्वयन किया गया था। चरण-1, 6 माह के इस चरण की गतिविधियों का मूल्यांकन आईआईएमसी द्वारा किया गया था, जिसके दौरान सीएफएआर ने 2021-22 में 52 दिनों में विभिन्न गतिविधियां संचालित करने का प्रस्ताव किया था। इनमें से, सीएफएआर ने प्रदत्त समय-सीमा के भीतर चार गतिविधियों को पूरा किया, जिनकी रिपोर्ट/लेख/अभियान को आईआईएमसी के साथ साझा किया गया और उनका मूल्यांकन किया गया।

2. स्वास्थ्य साक्षरता संबंधी टीवी स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रभावशीलता: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए **लोकसभा टीवी के हैल्दी इंडिया कार्यक्रम का प्रभाव मूल्यांकन**।

इस अध्ययन ने टेलीविजन पर स्वस्थ भारत कार्यक्रम की प्रभावशीलता का पता लगाया, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी प्रचुर जानकारी प्रदान करने वाले विभिन्न प्रकार के मीडिया प्लेटफॉर्म शामिल हैं। यह अध्ययन इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि टेलीविजन पर प्रसारित स्वास्थ्य कार्यक्रमों का दर्शकों के स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान पर कोई प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं।

इस प्रकार अध्ययन ने इस तथ्य को समझने में मदद की, कि क्या रोकथाम, सुरक्षा और स्वास्थ्य स्थितियों में सुधार हेतु एकत्र ज्ञान का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य स्थितियों की पहचान करने के तरीकों से संबंधी ज्ञान का स्तर, गैर-दर्शकों की तुलना में दर्शकों में अधिक है। इस अध्ययन के निष्कर्षों का उद्देश्य अधिक से अधिक उपभोग और प्रभावशीलता हेतु हैल्दी इंडिया शो की कार्यकम सामग्री और/या रूपरेखा के संबंध में आवश्यक परिवर्तन हेतु सुझाव देना था।

3. विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए सुरक्षित और विधिक प्रवासन संबंधी जन संचार अभियान का आंकलन और प्रभावशीलता मूल्यांकन।

इस अध्ययन का उद्देश्य विदेश मंत्रालय द्वारा 2009 में शुरू किए गए सुरक्षित और कानूनी प्रवासन अभियान की पहुंच और प्रभावशीलता का मूल्यांकन और विश्लेषण करना था। इस प्रयोजनार्थ प्रत्येक क्षेत्र में ईसीआर श्रेणी के प्रवासियों की उच्च दर वाले राज्यों का चयन किया गया और मूलभूत शोध किया गया। अभियान की उपयुक्तता को जानने

के लिए विदेश मंत्रालय की वेबसाइट से ईसीआर डाटा और अन्य स्रोतों जैसे इंडियन रीडरशिप सर्वे (आईआरएस), ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (एबीसी) और जनगणना 2011 के आधार पर मीडिया योजना विश्लेषण का कार्य किया गया।

ख) जारी अनुसंधान परियोजनाएं

1. मेघालय सरकार द्वारा शुरू की गई कम आय, कम साक्षरता, दूरस्थ, मेघालय के स्वदेशी समुदाय हेतु प्रभावी संचार, समुदाय आधारित लैंडस्केप प्रबंधन परियोजना (सीएलएलएमपी), मेघालय बेसिन मैनेजमेंट एजेंसी (एमबीएमए)
2. डाकघरों के माध्यम से **जागो ग्राहक जागो अभियान के प्रभाव का आकलन**। इसे उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश

शैक्षणिक वर्ष 2021-22 के लिए निम्नलिखित स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया जुलाई, 2021 के महीने में ऑनलाइन पोर्टल, सोशल मीडिया आदि में विज्ञापन के प्रकाशन के साथ शुरू हुई। आवेदन पत्रों की प्राप्ति की अंतिम तिथि 9 अगस्त, 2021थी। पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम हैं:

1. दिल्ली में पत्रकारिता (हिंदी) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम।
2. दिल्ली, ढेंकनाल, आइजोल, अमरावती, जम्मू और कोट्टयम में पत्रकारिता (अंग्रेजी) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम।
3. दिल्ली में विज्ञापन और जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
4. दिल्ली में रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
5. ढेंकनाल में पत्रकारिता (ओडिया) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
6. दिल्ली में उर्दू पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
7. अमरावती में मराठी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम
8. कोट्टयम में मलयालम पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 5345 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा 29 अगस्त, 2021 को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से ऑनलाइन कंप्यूटर-आधारित परीक्षा द्वारा आयोजित की गई थी। सभी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम का अंतिम परिणाम 10 सितंबर, 2021 को घोषित किया गया था।

छात्रों के नए बैच के लिए ओरिएंटेशन सत्र 25-29 अक्टूबर, 2021 तक जारी रहा। जनसंचार क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने ओरिएंटेशन सत्रों को संबोधित किया।

आईआईएमसी प्लेसमेंट प्रकोष्ठ

भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) ने अप्रैल, 2021 से दिसंबर, 2021 तक 2020-21 बैच के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। दुनिया भर में कोविड-19 संकट और अलग-अलग समय पर भर्ती के लिए आने वाली कंपनियों को देखते हुए प्लेसमेंट ड्राइव की लंबी अवधि रखी गई थी।

इस बार प्लेसमेंट सेल में 2019-20 बैच के ऐसे छात्र भी शामिल हैं, जिन्हें पहले प्लेसमेंट का मौका नहीं मिल सका था। अभूतपूर्व कोविड स्थिति के बावजूद, सेल ने 15 से 30 जुलाई, 2021 तक सत्र के अंत में एक ऑनलाइन प्लेसमेंट पखवाड़े का आयोजन किया।

प्लेसमेंट सेल टीम के गंभीर प्रयासों को देखते हुए, आईआईएमसी से छात्रों को भर्ती करने वाली प्रमुख मीडिया कंपनियों में काफी संख्या में प्लेसमेंट हासिल किया गया। इनमें मुख्यधारा के समाचार चैनल, सरकारी संगठन, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन, सार्वजनिक और निजी मीडिया कंपनियां, निजी जनसंपर्क और विज्ञापन कंपनियां, कॉर्पोरेट संगठन, अनुसंधान संगठन और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं।

कैम्पस प्लेसमेंट का प्रतिशत: 55%

कैंपस प्लेसमेंट का औसत प्रतिशत: 24%

कुल प्लेसमेंट: 79%

उच्चतम पैकेज की पेशकश: 8.60 लाख रुपए प्रति वर्ष

औसत पैकेज की पेशकश: 4.00 लाख रुपए प्रति वर्ष

फरवरी, 2022 तक पिछले 2019-20 बैच के 15 छात्रों सहित कुल 220 छात्रों को कैंपस के माध्यम से प्लेसमेंट दिया गया था। इसके अतिरिक्त, लगभग 100 छात्रों को उनके स्वयं के प्रयासों से कैंपस से बाहर प्लेसमेंट मिला है। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) द्वारा 8.60 **लाख रुपए प्रति वर्ष** का उच्चतम पैकेज दिया गया था। सभी पाठ्यक्रमों के लिए औसत पैकेज 4.00 **लाख रुपए प्रति वर्ष** के आसपास रहा।

प्रक्रिया को पूरा करने के लिए भर्तीकर्ताओं ने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की दो स्तरीय प्रणाली अपनाई। प्रक्रिया ज्यादातर ऑनलाइन आयोजित की गई थी, लेकिन कुछ कंपनियों ने देश में कोविड की स्थिति के आधार पर अपने कार्यालय में ऑफलाइन साक्षात्कार भी आयोजित किए।

महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- प्लेसमेंट सेल ने व्यापक प्लेसमेंट और इंटर्नशिप दिशानिर्देश तैयार किए।
- प्लेसमेंट के लिए कंपनियों का विस्तृत डेटा बैंक तैयार किया।
- सेल के पास अब लगभग 200 मीडिया कंपनियों का डेटा है।
- प्लेसमेंट के उद्देश्य से आईआईएमसी ब्रोशर और छात्र ब्रोशर सहित दो ई-ब्रोशर की संकल्पना की गई और डिजाइन तैयार किया गया।
- आईआईएमसी लिंक्डइन अकाउंट दो वर्षों के अंतराल के बाद प्लेसमेंट के लिए सक्रिय किया गया।
- पूर्व छात्र 2019-20 बैच के छात्रों को प्लेसमेंट दिया गया।
- अंग्रेजी पत्रकारिता के दो छात्रों का थॉमसन रॉयटर्स में प्लेसमेंट हुआ।
- कई छात्रों को टीसीएस और एक्सेंचर, एनटीपीसी और एनएमडीसी जैसे सार्वजनिक उपक्रमों और भारत के निर्वाचन आयोग जैसे अन्य राष्ट्रीय निकायों सहित बड़े कॉर्पोरेट्स में नौकरी मिली है।
- लगभग 40 छात्रों का डीडी न्यूज सहित प्रसार भारती के विभिन्न प्रभागों में प्लेसमेंट हुआ है।

प्रमुख चुनौतियाँ, जिनका सामना किया गया

कोविड के कारण एडवांस प्लानिंग के लिए समय की कमी: बहुत सारी कंपनियां जुलाई, 2021 में प्लेसमेंट पखवाड़े में शामिल नहीं हो सकीं, क्योंकि उस समय कोविड महामारी के कारण बहुत सारी जगहों पर हायरिंग रुकी हुई थी। इस प्रकार, कुछ अच्छी कंपनियां पखवाड़े के बाद काम पर रखने के लिए आईं, जिसके कारण कुछ छात्रों के लिए अवसर छूट गए, जिनका पखवाड़े से पहले या उसके दौरान कहीं और प्लेसमेंट हुआ था।

वर्ष भर प्लेसमेंट का अनुरोध : प्रत्येक कंपनी अपनी स्वयं की हायरिंग टाइमलाइन का पालन करती है और इस प्रकार, प्लेसमेंट सेल को लंबी अवधि के लिए प्लेसमेंट जारी रखना पड़ता है। इस प्रकार, इसके लिए पूरे वर्ष के परिप्रेक्ष्य का पालन किया जाना था, ताकि छात्रों को प्लेसमेंट के किसी भी अवसर से वंचित न होना पड़े।

प्रमुख कंपनियां

एबीपी न्यूज, जी मीडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, एनएमडीसी, इंडिया टीवी, इनशॉर्ट्स, भारत का चुनाव आयोग, प्रसार भारती, एडफैक्टर्स पीआर, एमएसएल न्यूजेरा, मैडमेन, रूडरफिन, द न्यू इंडियन, अमर उजाला, इंडिया टुडे ग्रुप, हिंदुस्तान, ईटी मीडिया लैब्स, स्कैटर, बीसीसीएल, एडवर्थ मीडिया, हिंदुस्तान टाइम्स डिजिटल, ईएसएस सेवा भारत, द पायोनियर, द टेलीग्राफ, द हिंदू बिजनेसलाइन, नेटवर्क 18, स्टोरीटेलर्स, इंफॉर्मिस्ट मीडिया (कोजेनिस), द सोशलबूथ, कैफेम्यूचुअल, द ब्लूबीन्स, करियर 360, डेंटसु, ब्रैंडकॉम, वेबरशैंडविक, द लल्लनटॉप, जेनसिस बीसीडब्ल्यू, आई-पीएसी, द फ्री प्रेस जर्नल, एसओएस चिल्ड्रेन्स विलेज, मेट्रो रेल न्यूज, टॉर्क कम्युनिकेशंस, द प्रैक्टिस, मिर्ची ब्रेवरी, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री, एक्सेंचर, ओला इलेक्ट्रिक, थॉमसन रॉयटर्स, एशियन न्यूज इंटरनेशनल, जेएलएल, टीवी 9 डिजिटल, दैनिक भास्कर आदि।

एनएमडीसी टीम ने 16 दिसंबर, 2021 को कैंपस प्लेसमेंट के लिए आईआईएमसी का दौरा किया।

वर्तमान बैच के लिए पहल (2021-22)

- प्लेसमेंट प्रक्रिया समझाने के लिए मार्च 2022 में वर्तमान बैच के छात्रों के साथ विशेष ऑनलाइन वार्तालाप का आयोजन किया गया था।
- प्लेसमेंट और इंटर्नशिप संबंधी दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है।
- प्लेसमेंट के उद्देश्य से विशेष आईआईएमसी ब्रोशर को वर्तमान बैच के लिए अपडेट किया गया है।

- मौजूदा बैच के लिए प्लेसमेंट प्रक्रिया हेतु मीडिया हाउस/कंपनियों के डेटा को अपडेट कर दिया गया है।

वार्षिक दिवस समारोह

आईआईएमसी ने दिनांक 17.08.2021 को अपना 57वां स्थापना दिवस मनाया। हिंदुस्तान टाइम्स मीडिया लिमिटेड के प्रधान संपादक श्री शशि शेखर द्वारा "मीडिया शिक्षा: आगे की राह" विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

15 अगस्त, 2021 को आईआईएमसी के मुख्यालय और पांच क्षेत्रीय परिसरों में 75वां स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी ने तिरंगा फहराया और छात्रों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनत्व की भावना पैदा करने के लिए प्रेरित किया।

राजभाषा विभाग

वर्ष के दौरान भारत सरकार की नीति के अनुसार सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को उत्तरोत्तर बढ़ाने के सभी प्रयास किए गए। संस्थान के कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। हिन्दी में कार्य करने की झिझक दूर करने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन

- डॉ. सी. जय शंकर बाबू, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय को 25 जून, 2021 को ऑनलाइन आयोजित हिंदी कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- 21 सितंबर, 2021 को भारतीय सूचना सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. सी. जय शंकर बाबू, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

- श्री प्रदीप अग्रवाल, डीजीएम (सेवानिवृत्त), आईडीबीआई बैंक को 16 दिसंबर, 2021 को आयोजित हिंदी कार्यशाला में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इसमें 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- 8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संस्थान की महिला कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सुश्री राखी बख्शी, संचार सलाहकार, आईआईपीए को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। इसमें 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

हिंदी पखवाड़ा

संस्थान में 14 से 28 सितंबर, 2021 तक हिंदी पखवाड़ा (हिंदी पखवाड़ा) मनाया गया। 14 सितंबर को हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह में "भारतीय भाषाओं की पत्रकारिता का भविष्य" विषय पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। 28 सितंबर को समापन समारोह के दौरान, "डिजिटल दुनिया में हिंदी का भविष्य" विषय पर एक और वेबिनार आयोजित किया गया। हिन्दी पखवाड़े के दौरान निबन्ध प्रतियोगिता, हिन्दी टिप्पण और प्रारुप लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आदि विभिन्न कार्यकलापों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने इन कार्यकलापों और प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। पुस्तकालय में हिन्दी पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं एवं जर्नलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ढेंकनाल क्षेत्रीय परिसर ने 14-18 सितंबर, 2021 तक हिंदी सप्ताह मनाया। "हिंदी दिवस" 14 सितंबर, 2021 को संस्थान के अन्य क्षेत्रीय परिसरों अर्थात आइजोल, अमरावती, जम्मू और कोट्टयम में मनाया गया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) से संबंधित गतिविधियां

भारतीय जन संचार संस्थान, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति दक्षिण दिल्ली-3 का अध्यक्ष है। नराकास की अर्धवार्षिक बैठकें 21 जून, 2021 और 23 नवंबर, 2021 को आयोजित की गई। पहली बैठक में 52 सदस्य-कार्यालयों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया और दूसरी बैठक में 48 सदस्य-कार्यालयों ने भाग लिया। दोनों बैठकों का आयोजन गूगल मीट के माध्यम से किया गया था।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा 29 जून, 2021 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में निरीक्षण किया गया। इसे आयोजित करने में आईआईएमसी

ने सफलतापूर्वक समन्वय किया और तीन अन्य कार्यालयों के साथ प्रश्नावली तैयार करने और स्थान, परिवहन, जनशक्ति आदि की व्यवस्था करने में समन्वय कार्य किया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में एक बार आयोजित की जाती है। यह बैठकें संस्थान के महानिदेशक की अध्यक्षता में आयोजित की जाती हैं। संस्थान में अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें आयोजित की गई। कोविड-19 महामारी के कारण 28 जून, 2021 की बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। जबकि 29 सितंबर, 2021 और 15 दिसंबर, 2021 को बैठकें ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की गई। 22 मार्च की बैठक हाईब्रिड मोड से कराई गई। इन बैठकों में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने पर सार्थक चर्चा हुई।

अवसंरचना सुदृढ़ीकरण

संस्थान अपने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त अवसंरचना के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत है। आईटी क्रांति को देखते हुए तेजी से हो रहे बदलावों के कारण, इस उद्देश्य के लिए बनाए गए अवसंरचना को उन्नत और सुदृढ़ करने की निरंतर आवश्यकता है। इन विभिन्न समकालीन टूलों और सुविधाओं का उपयोग शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

क्षेत्रीय परिसरों का निर्माण

आईआईएमसी नई दिल्ली, केरल में कोट्टयम और ओडिशा में ढेंकनाल कैंपस अपने स्वयं के परिसरों से चल रहा है, जबकि जम्मू (जम्मू और कश्मीर), आइजोल (मिजोरम) और अमरावती (महाराष्ट्र) में क्षेत्रीय परिसर संबंधित राज्य सरकारों/विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान किए गए अस्थायी परिसरों से चल रहे हैं। अपनी बुनियादी अवसंरचना को मजबूत करने और सभी क्षेत्रों के लिए स्थायी परिसर निर्माण के प्रयास के साथ, संस्थान इन तीनों स्थानों पर अपने स्वयं के परिसरों का निर्माण कर रहा है।

जम्मू में उत्तरी क्षेत्रीय परिसर में निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पूरा होने पर, परिसर को सुसज्जित करने और कक्षाओं, कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और अन्य क्षेत्रों के लिए वांछित बुनियादी ढांचा तैयार करने का काम शुरू हो जाएगा। 2022-23 सत्र की शुरुआत नए परिसर से की जाएगी।

आइज़ोल, मिज़ोरम में उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय परिसर में मुख्य भवन का प्राथमिक निर्माण कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। कुछ और काम चल रहा है, इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। 2022-23 सत्र की शुरुआत नए परिसर से की जाएगी।

अमरावती, महाराष्ट्र में, राज्य सरकार ने एक स्थायी पश्चिमी क्षेत्रीय परिसर के निर्माण के लिए छह हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई है। जल्द ही भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

शिक्षण सहायक सामग्री/सुविधाएं

मीडिया, जनसंचार और पत्रकारिता के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख संस्थानों में से एक होने की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप, संस्थान के पास पूर्णतः स्पष्ट और पर्याप्त सुविधाएं हैं जो संचार शिक्षा में कक्षाओं और व्यावहारिक अभिविन्यास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के पूरे स्पेक्ट्रम को शामिल करती हैं। इन सुविधाओं का लगातार उन्नयन किया जाता है।

वैश्विक नेटवर्क वॉयस, वीडियो और डेटा के लिए एक एकल एकीकृत मंच की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना और संचार के क्षेत्र में तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के विकास और शिक्षा तथा अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोग के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए, संस्थान ने इंटरनेट सुविधा के साथ नवीनतम कंप्यूटरों का अधिग्रहण किया है, जो अपने छात्रों और संकाय के लिए वर्ष भर कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करता है। यह उपकरण और कनेक्टिविटी इलेक्ट्रॉनिक समाचार संपादन, वेब पत्रकारिता, मल्टीमीडिया, डिजाइनिंग, प्रकाशन और ग्राफिक्स में छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शैक्षिक उपकरणों और शिक्षण सहायक सामग्री की रीढ़ है। अत्याधुनिक डेस्कटॉप मशीनों का एक संयोजन मल्टीमीडिया, कंप्यूटर ग्राफिक्स, डेस्कटॉप प्रकाशन आदि के क्षेत्रों में छात्रों के प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करता है।

आईटी टूल

वर्ष 2011-12 के दौरान, आईआईएमसी देश में सभी ज्ञान से संबंधित संस्थानों के लिए एक एकीकृत उच्च गति नेटवर्क बैकबोन उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन), एक अत्याधुनिक, बहु-गीगाबाइट, अखिल भारतीय ब्रॉडबैंड नेटवर्क में शामिल हो गया। नेशनल नॉलेज नेटवर्क का हिस्सा होने के नाते, आईआईएमसी 1जीबीपीएस या उससे अधिक की गति पर ब्रॉडबैंड इंटरनेट को निर्बाध रूप से प्राप्त करता है। इस तरह के ज्ञान नेटवर्क का उद्देश्य अपेक्षित अनुसंधान सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण संस्थानों के निर्माण और उच्च प्रशिक्षित पेशेवरों का एक पूल तैयार करने संबंधी देश के अनुसंधान के मूल में जाना है। उच्च गति एनकेएन विभिन्न पृष्ठभूमि और विविध भौगोलिक क्षेत्रों के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, संचारकों और छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान अर्जन और प्रसार के लिए गंभीर

और उभरते क्षेत्रों में मानव विकास को आगे बढ़ाने के लिए बारीकी से काम करने हेतु सक्षम बनाता है। संस्थान के पास एनआईसी के माध्यम से बैक-अप 2एमबीपीएस ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन भी है।

ये सुविधाएं संस्थान के छात्रों को अधिगम अवसर उपलब्ध कराती हैं और अन्य बातों के साथ-साथ एक समय में विभिन्न समूहों के लिए उपलब्ध तीन कार्यस्थल - कई कंप्यूटर लैब, मल्टीमीडिया और डीटीपी शामिल हैं। संस्थान के कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों से सबंधित उपयोगी सूचना के लिए संस्थान की वेबसाइट www.iimc.gov.in देख सकते हैं।

टीवी और वीडियो प्रोडक्शन

इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता के क्षेत्र में अपने छात्रों और प्रशिक्षुओं के बीच एक उच्च प्रभाव और बेहतर ज्ञान आधार विकसित करने की दृष्टि से, संस्थान के पास एक आधुनिक प्रोडक्शन स्टूडियो है, जो सिंच और विशेष प्रभाव जनरेटरों के साथ डिजिटल कैमरों से सुसज्जित है। संपादन कंसोल में आईमैक, एफसीपी मैक-प्रो डिजिटल वीडियो एडिटिंग सिस्टम और ऑन-लाइन डिजिटल वीडियो एडिटिंग शामिल हैं।

संस्थान ने अपने एनालॉग टेप-आधारित उपकरण को आंशिक रूप से आधुनिक डिजिटल तकनीक में अपग्रेड किया है। यह छात्रों को डिजिटल कैमरों और नॉन-लीनियर संपादन का अनुभव प्रदान करता है जो आज टीवी चैनलों में व्यापक रूप से प्रयोग में हैं।

संस्थान के पास उपलब्ध संरचना को सुदृढ़ करने के लिए, इसने नई दिल्ली में टीवी और प्रिंट मीडिया के लिए स्टैंड-अलोन, नॉन-लीनियर एडिट सिस्टम और एक हाई-एंड डिजिटल ग्राफिक सपोर्ट प्रणाली सहित नेटवर्क-आधारित डिजिटल नॉन-लीनियर वीडियो एडिटिंग सिस्टम के लिए हाई-एंड एफसी मैक प्रो वीडियो एडिटिंग मशीन का अधिग्रहण किया है। ऑडियो-विजुअल और प्रिंट क्षेत्रों में प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सुदृढ़ करने के लिए एक्सेसरीज के साथ डिजिटल स्टिल कैमरे भी खरीदे गए हैं। आइज़ोल, अमरावती, जम्मू और कोट्टयम में क्षेत्रीय परिसरों के लिए नॉन-लीनियर एडिटिंग के लिए डिजिटल वीडियो और स्टिल कैमरा, टेलीप्रॉम्प्टर मशीन और आईमैक भी खरीदे गए हैं।

रेडियो

रेडियो प्रसारण के लिए संस्थान के पास अलग ध्वनि रिकॉर्डिंग, एफएम और वॉयस-ओवर स्टूडियो हैं, जिनका उपयोग रेडियो और टीवी प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किया जाता है। संस्थान रेडियो न्यूज-गेदरिंग: पेशेवर टेप और डिजिटल रिकॉर्डर, माइक्रोफोन और अन्य सहायक उपकरण से संबंधित आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित है। साउंड स्टूडियो में यथोचित व्यापक सुविधाएं हैं:

- यामाहा 03 डी फुल ट्रैक कंसोल रिकॉर्डर।
- स्टैंडबाय रिकॉर्डिंग के लिए सोनी 8 चैनल ऑडियो मिक्सर एमएक्सपी-290।
- विशेषज्ञता सुविधाओं के साथ एक छह चैनल ऑन-एयर कंसोल।
- पोर्टेबल सोनी आईसी रिकॉर्डर जो सीधे एमपी3 और डब्ल्यूएवी साउंड फॉर्मेट में रिकॉर्ड होते हैं।
- श्योर माइक्रोफोन एसएम 58।
- कार्यक्रम प्रोडक्शन के लिए संपादन और रिकॉर्डिंग सुविधाओं के साथ एडोब ऑडिशन सॉफ्टवेयर इकाइयां।
- मल्टीट्रैक टीएएससीएएम जिसमें ट्रांसमिशन के लिए एक मिनी डिस्क प्लेयर, सीडी प्लेयर, कैसेट प्लेयर है।
- विशिष्ट प्रसारण उपकरण।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन (अपना रेडियो 96.9 एफएम)

नई दिल्ली में सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) 'अपना रेडियो 96.9 एफएम' को अत्याधुनिक उपकरणों से अपग्रेड किया गया है।

'अपना रेडियो 96.9 एफएम' ने वर्ष 2021 के दौरान समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण, सहायक, मनोरंजक और सूचनापरक भूमिका निभाई है। व्यापक कोविड जागरूकता कार्यक्रम, विशेष रूप से दूसरी लहर के दौरान, तैयार किए गए थे। वे उपचार, गलत सूचनाओं का भंडाफोड़ और सही जानकारी देना, टीकाकरण, आहार, कोविड योद्धाओं का प्रोत्साहन, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, योग, बच्चों की देखभाल जैसे पहलुओं से जुड़े थे। समय-समय पर सरकारी दिशानिर्देश के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया।

टोक्यो 2020 ओलंपिक: अपना रेडियो 96.9 एफएम ने टोक्यो 2020 ओलंपिक, जो खेल भावना का जश्न मनाने के लिए दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन है, पर व्यापक कार्यक्रम तैयार किए गए। कार्यक्रमों का उद्देश्य खेल भावना का जश्न मनाना, भारतीय दल का उत्साहवर्धन करना और उनकी सफलता का जश्न मनाना था। अपना रेडियो 96.9 एफएम द्वारा टोक्यो 2020 की प्रोग्रामिंग भारतीय दस्ते के टोक्यो के लिए रवाना होने से पहले शुरू हुई और तब तक जारी रही, जब तक कि वे अब तक के सर्वाधिक पदकों के साथ गौरवपूर्वक वापस नहीं लौट आए।

- **टोक्यो ओलंपिक 2020 - 39 कार्यक्रम - 10 घंटे की प्रोग्रामिंग**
- **टोक्यो पैरालम्पिक्स 2020 - 13 कार्यक्रम - 3.5 घंटे की प्रोग्रामिंग**

इस प्रोग्रामिंग के हिस्से के रूप में, अपना रेडियो ने कई एथलीटों जैसे पूर्व ओलंपिक पदक विजेता हरविंदर सिंह और धनराज पिल्लै, नीरज चोपड़ा, मीराबाई चानू के साथ हॉकी की जीत का जश्न, खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत, ओलंपिक थीम सॉन्ग, ओलंपिक की तैयारी, विनेश फोगाट, सानिया मिर्जा और रानी रामपाल, शिवपाल सिंह, मीराबाई चानू, तजिंदरपाल सिंह तूर और कई अन्य का साक्षात्कार लिया।

आजादी का अमृत महोत्सव : अपना रेडियो 96.9 एफएम द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव से जुड़े कई कार्यक्रम जैसे राष्ट्रगान अपलोड, देशभक्ति लोरी, मेंटरिंग युवा योजना और देशभक्ति गीत लेखन किए गए।

अलगप्पा विश्वविद्यालय के सहयोग से विज्ञान प्रसार के लिए अपना रेडियो द्वारा 'अनुभव' शीर्षक से विशेष कार्यक्रमों की 52 कड़ियों की एक सीरीज बनाई गई थी। ये कार्यक्रम विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए थे। विज्ञान प्रसार द्वारा प्रस्तुत आवश्यकताओं के अनुसार कार्यक्रम बनाए गए थे - इसमें विज्ञान, स्वास्थ्य और कल्याण में रुचि को बढ़ावा देने जैसे पहलू शामिल थे, इंटरैक्टिव कार्यक्रम जो वरिष्ठ नागरिकों की प्रतिभा और अनुभवों को प्रदर्शित करते थे और कार्यक्रमों के बारे में लक्षित समुदाय से फीडबैक एपिसोड भी थे। ये 52 एपिसोड स्पॉटिफाई पर भी हैं।

दिल्ली में वरिष्ठ नागरिकों को पॉडकास्टिंग सिखाने के लिए एक

प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया गया। यह सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा एक राष्ट्रव्यापी परियोजना का हिस्सा था। यह सशुल्क प्रशिक्षण था।

जल संरक्षण, नदी संरक्षण, एकल उपयोग प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन जैसे विषयों पर लोगों को यह बताते हुए कि एक व्यक्ति क्या कर सकता है और कैसे प्रत्येक व्यक्ति का योगदान मायने रखता है, प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस भाषण पर आधारित कार्यक्रम, जनोन्मुख कार्यक्रम तैयार किए गए थे।

विशेष और यादगार दिन: महामारी और लॉकडाउन की स्थिति के दौरान भी विशेष दिवसों के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए गए। उनमें से कुछ स्वच्छता पखवाड़ा, गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, विश्व महिला दिवस, चिकित्सक दिवस, योग दिवस आदि हैं।

प्राथमिक हितधारकों के बीच आम सहमति तैयार करने के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल, शून्य-अपशिष्ट हरित परिसर के लिए प्रयास शुरू किए गए। यह दो तरीकों से किया गया - एक, पुनर्चक्रण और कचरे को कम करने के संबंध में रेडियो कार्यक्रम बनाकर और दूसरा, जैविक अपशिष्ट पुनर्चक्रण और खाद बनाने के संबंध में मालियों और कैंटीन कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करके। परिणामस्वरुप, आईआईएमसी ने परिसर के कचरे से जैविक खाद बनाने के लिए एक क्षेत्र का सीमांकन किया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीआरएस कार्यक्रमों का लगातार विस्तार किया जा रहा है। अतिरिक्त प्रवर्धन की अपेक्षा की जा सकती है क्योंकि iRadio - अपना रेडियो 96.9 एफएम कार्यक्रमों को अपने पोर्टल के माध्यम से मुफ्त में प्रसारित कर रहा है। यह अभी ट्रायल चरण में है।

इंटर्नशिप/प्रशिक्षण कार्यक्रम: जिस कार्यक्रम को कोविड की स्थिति के कारण छोड़ दिया गया था, उसे एक बार फिर शुरू किया गया।

आईआईएमसी के 5 क्षेत्रीय परिसरों में सीआरएस स्थापित करने की दिशा में प्रयास:

- सभी 5 क्षेत्रीय परिसरों में सीआरएस की स्थापना एक प्राथमिकता है जिसका पालन किया जा रहा है। 5 क्षेत्रीय परिसरों में से - आइजोल और अमरावती को एलओआई जारी किया गया था। इसे आगे बढ़ाते हुए अब हमें इन दोनों जगहों के फ्रीक्वेंसी एलोकेशन के लिए एलओआई मिल गया है।
- जम्मू, ढेंकानाल और कोट्टायम जैसे शेष 3 परिसरों के लिए सीआरएस स्थापित करने हेतु एलओआई प्राप्त करने की प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है।
- ढेंकनाल और कोट्टयम के संबंध में फ्रीक्वेंसी संबंधी मुद्दे हैं, जो आशा है कि जल्द ही सुलझा लिए जाएंगे।
- जम्मू अब अपना स्वयं का भवन बनाने के लिए तैयार है। इसलिए, वहां सीआरएस की स्थापना की जाएगी।
- सामुदायिक रेडियो अधिकारिता और संसाधन केंद्र ने हाल ही में विभिन्न स्तरों पर हितधारकों की क्षमता निर्माण के लिए एमआईबी के सीएस सेल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।

आउटरीच गतिविधि विभाग

- वर्ष 2021-22 के दौरान, प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा कुल 15 'शुक्रवार संवाद' में व्याख्यान दिया गया, जिसमें प्रोफेसर रमेश सी. भारद्वाज, श्रीमती मोनिका अरोड़ा, डॉ. इंदुमती राव, डॉ. शशांक हेड़ा, श्री बालेंदु शर्मा दधीच, श्री विजय मनोहर तिवारी, प्रो. मक्खन लाल, श्री गिरीश उपाध्याय, डॉ. निवेदिता भिडे, प्रो. कृपा शंकर चौबे, डॉ. जे.के. बजाज, डॉ. सुशील त्रिवेदी, श्री विनय उपाध्याय, मेजर जनरल ध्रुव सी. कटोच और सुश्री मनीषा कपूर शामिल हैं। कोविड महामारी

के कारण अधिकांश 'शुक्रवार संवाद' का आयोजन ऑनलाइन किया गया। लेकिन चूंकि अब मार्च 2022 में परिसर खुल गया है, इसलिए ऑफलाइन गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

- अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक कुल दस विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती पर श्री रमेश पतंगे, कोविड के पश्चात की अवधि में मीडिया, हिंदी पत्रकारिता की पहली प्रतिज्ञा: देशवासियों की भलाई के लिए विशेष व्याख्यान, भारत में कोविड-19 महामारी का पश्चिमी मीडिया द्वारा कवरेज, सप्रे प्रसंग, शशि शेखर द्वारा आईआईएमसी स्थापना दिवस व्याख्यान, डिजिटल मीडिया आचार संहिता-2021 पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव श्री विक्रम सहाय द्वारा विशेष व्याख्यान, दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन समारोह, धर्मपाल प्रसंग और प्रवासी देशो में राम शामिल हैं।

- माननीय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने 25 सितंबर, 2021 को आईआईएमसी का दौरा किया। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी। साथ ही उन्होंने आईआईएमसी के आउटरीच गतिविधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) प्रमोद कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'दीनदयाल उपाध्याय वर्ल्ड ऑफ लिटरेचर: एनोटेटेड बिब्लियोग्राफी' का भी विमोचन किया।

- 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- आउटरीच गतिविधि विभाग ने पश्चिमी मीडिया द्वारा भारत में कोविड-19 महामारी के कवरेज पर जून, 2021 में विशेष शोध अध्ययन का कार्य किया। अध्ययन के हिस्से के रूप में पश्चिम के नौ चयनित समाचार पत्रों का अध्ययन किया गया। इस विषय पर भारत के प्रतिष्ठित पत्रकारों से हुई चर्चा को शामिल करते हुए इस शोध को जनवरी 2022 में 'इंडियन मीडिया पर्सन्स ओपाइन' नामक विशेष रिपोर्ट के रूप में प्रकाशित किया गया।



- 'शुक्रवार संवाद' के हिस्से के रूप में दिए गए व्याख्यानों को 369 पृष्ठ की एक अलग पुस्तक में संकलित किया गया है।

पं. युगल किशोर शुक्ल पुस्तकालय एवं ज्ञान संसाधन केन्द्र

संस्थान में देश का सबसे बड़ा जनसंचार का पुस्तकालय है। इसमें जनसंचार और इसके संबंधित विषयों जैसे प्रिंट मीडिया, प्रसारण, विज्ञापन, संचार, संचार अनुसंधान, जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन,

फिल्म, सूचना प्रौद्योगिकी और पारंपरिक मीडिया के विभिन्न आयामों से संबंधित अंग्रेजी और हिन्दी भाषा में लगभग 37948 पुस्तकें और सजिल्द पत्रिकाओं का संकलन है।

पुस्तकालय ने 111 से अधिक जर्नलों/पत्रिकाओं और 33 प्रमुख समाचार पत्रों की सदस्यता ले रखी है। यह अपने उपयोगकर्ताओं को एक समाचार-पत्र-क्लिपिंग सेवा भी प्रदान कर रहा है, जिसमें जन संचार पर विभिन्न प्रमुख व्यावसायिक जर्नलों और पत्रिकाओं में प्रकाशित लेखों और समाचारों का सम्पूर्ण रिकॉर्ड शामिल होता हैं।

पुस्तकालय पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत है और इसने पुस्तकालय सॉफ्टवेयर लिबसिस 10, ऑन-लाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपीएसी) और ऑनलाइन पत्रिकाओं के नवीनतम संस्करण के माध्यम से अपने हाउसकीपिंग और सेवा संचालनों का स्वत: संचालित किया है, जो कि छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए उपलब्ध है।

पुस्तकालय द्वारा छात्रों, शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए एक अत्याधुनिक मल्टीमीडिया और संदर्भ अनुभाग भी विकसित किया गया है।

वर्ष 2021-22 के दौरान पुस्तकालय द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया

- दिल्ली मुख्यालय स्थित आईआईएमसी पुस्तकालय का नाम "पं. युगल किशोर शुक्ल पुस्तकालय एवं ज्ञान संसाधन केंद्र" रखा गया।
- मीडिया, संचार और साहित्य की हिंदी/अंग्रेजी में लगभग 335 नई पुस्तकों की खरीद की गई।
- हिन्दी पखवाड़े के दौरान हिन्दी पुस्तकों और पत्रिकाओं की प्रदर्शनी आयोजित की गई।
- वर्ष का स्वच्छता पुरस्कार जीता। पुस्तकों के चयन एवं पत्र-पत्रिकाओं/पत्रिकाओं/समाचार पत्रों की सदस्यता के नवीनीकरण हेतु नवम्बर, 2021 एवं फरवरी, 2022 में पुस्तकालय समिति की बैठकें आयोजित की गयीं।

प्रकाशन विभाग

भारतीय जन संचार संस्थान का प्रकाशन विभाग भारत और दक्षिण एशिया में संचार व्याख्यानों में वृद्धि करने और वर्तमान मीडिया बहस में अपना योगदान देने का प्रयास करता है। विभाग विभिन्न मीडिया संबंधी मुद्दों, नवाचारों और विचारों के बारे में सूचना के प्रसार और जागरूकता पैदा करके जनसंचार और पत्रकारिता के शिक्षण को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। विभाग भारत और विदेशों में विभिन्न ग्राहकों, शोधार्थियों और मीडिया संस्थानों को किफायती शुल्क पर पत्रिकाओं, मैगजीन और पुस्तकों का प्रकाशन और विक्रय करता है। विभाग अंग्रेजी और हिंदी में जनसंचार और पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न पुस्तकें प्रकाशित करता रहा है। प्रकाशन विभाग के मुख्य उद्देश्य हैं:

- शिक्षाविदों, मीडिया पेशेवरों और नीति निर्माताओं के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना।
- शैक्षणिक और औद्योगिक उपयोग हेमु समृद्ध और प्रामाणिक संसाधन उपलब्ध कराना।
- देश में समकालीन मीडिया अनुसंधान के कल्याण हेतु भारतीय शोधार्थियों को बढ़ावा देना।
- अध्ययन क्षेत्र के रूप में मीडिया के महत्व को प्रचारित करने हेतु व्यापक लोगों को इस तक पहुंच प्रदान करना।

प्रमुख गतिविधियां

1. शोध पत्रिकाएं

कम्युनिकेटर

1965 में शुरू हुआ, 'कम्युनिकेटर' भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) की एक विद्धत समीक्षित पत्रिका है, जो जन संचार से संबंधित मूल शोध प्रकाशित करती है। इसका प्रकाशन आईआईएमसी

के प्रकाशन विभाग द्वारा किया जाता है। आईआईएमसी की यह प्रमुख पत्रिका विद्वानों, पेशेवरों और नीति निर्माताओं को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु संचार और इससे संबंधित विषयों में उपलब्ध सर्वोत्तम साहित्य को प्रकाशित करने के लिए प्रयासरत है। यह भारत में प्रकाशित होने वाली सबसे पुरानी संचार पत्रिका है। विद्वतापूर्ण प्रकाशनों के अपने उच्च स्तर को बनाए रखने के लिए, कम्युनिकेटर द्वारा ब्लाइंड रिव्यू प्रक्रिया का सख्त अनुपालन किया जाता है। कम्युनिकेटर एक यूजीसी-केयर सूचीबद्ध पत्रिका है, जो प्रामाणिक और मानक शोध अध्ययनों को प्रकाशित करती है।

2021-22 के दौरान कम्युनिकेटर के चार अंक ; खंड एलवीआई (2) अप्रैल-जून 2021, खंड एलवीआई (3) जुलाई-सितंबर 2021, खंड एलवीआई (4) अक्टूबर-दिसंबर 2021 और खंड एलवीआई (1) जनवरी-मार्च 2022 प्रकाशित किए गए थे। इन अंकों में कुल 61 शोध लेखों का प्रकाशन किया गया है।

संचार माध्यम

'संचार माध्यम' मीडिया और इससे संबंधित मुद्दों को प्रकाशित करने वाली एक प्रमुख समीक्षित शोध पत्रिका है। यह संचार, मीडिया और पत्रकारिता से संबंधित विषयों पर विभिन्न प्रकार के विचारों, टिप्पणियों और शोध पत्रों की अभिव्यक्ति और प्रकाशन का एक प्रमुख मंच है। संचार माध्यम एक यूजीसी-केयर सूचीबद्ध पत्रिका है, जो हिंदी भाषा में प्रामाणिक और मानक शोध अध्ययन को प्रकाशित करती है।



2021-22 के दौरान संचार माध्यम के दो अंक – खंड 33(1) जनवरी-जून 2021 और खंड 33 (2) जुलाई-दिसम्बर 2021 का प्रकाशन किया गया। दोनों अंकों में कुल 36 शोध लेख प्रकाशित किए गए।

2. पत्रिकाएं

संचार सृजन

